दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 289 जयपुर, गुरुवार, 28 सितंबर, 2023 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष- चतुर्दशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**दो हस्तियों के कटाक्ष: सीएम अशोक गहलोत का उपराष्ट्रपति के दौरों पर, तो धनखड़ का विपक्ष पर तंज**

# गवर्नर साहब हो या उपराष्ट्रपति जो बार-बार आ रहे हो: गहलोत

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के लगातार राजस्थान दौरों को लेकर सवाल खड़े करते हुए कहा, 'आप गवर्नर साहब हो या उपराष्ट्रपति' जो बार-बार प्रदेश में आ रहे हो। बार-बार सुबह-शाम आ रहे हैं, दौरे कर रहे हैं। इसका कोई तुक नहीं है। उन्हें यह समझना चाहिए कि राजस्थान में चुनाव चल रहे हैं। वहीं, बुधवार को प्रदेश के दौरे पर आए उपराष्ट्रपति धनखड़ ने किसी का नाम लिए बगैर तंज किया कि वो अपनी बात कहने के लिए दुनिया का चक्कर लगाते हैं, कुछ लोगों का हाजमा देश का विकास देख कर बिगड़ गया है। माना जा रहा है कि उन्होंने यह तंज राहुल गांधी को लेकर किया।

■ **धनखड़ बोले, अपनी बात कहने के लिए दुनिया का चक्कर लगाते हैं, भारत का विकास देख कर बिगड़ा हाजमा**

## उपराष्ट्रपति अप-डाउन कर रहे: गहलोत



गहलोत ने कहा कि उपराष्ट्रपति के दिन में पांच जगह के दौरे होते हैं, जिनका कोई तुक नहीं। पहले मोदी आए, अब धनखड़ अप-डाउन कर रहे हैं। बुधवार को भी धनखड़ 5 जगह गए। वे बार-बार आएंगे तो लोग क्या समझेंगे? ये संवैधानिक संस्थाएं हैं। हम उनका सम्मान करते हैं। वे राष्ट्रपति बनेंगे तो भी हम स्वागत करेंगे, लेकिन अभी मेहरबानी रखें। गहलोत ने जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में जनसंवाद कार्यक्रम में यह बात कही। गहलोत बोले कि राजस्थान में एक के बाद एक मंत्री आ रहे हैं। कभी पीएम आ रहे हैं। वैसे भी मंत्रियों के पास काम नहीं है। इन लोगों ने नया सिस्टम बना दिया। मंत्रियों की चल नहीं रही है और एक आरएसएस का व्यक्ति बैठा दिया। वही, सब राज चलाता है। जनता इनको जवाब देगी।

## भ्रष्टाचार लोकतंत्र और विकास का हत्यारा: धनखड़

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने पिलानी स्थित बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में कहा कि आज भारत विश्व में एक शक्ति के रूप में स्थापित हो चुका है और भविष्य में हम तेजी से विकास करने वाले हैं। साथ ही, विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोगों का हाजमा देश का विकास देख कर बिगड़ गया है। धनखड़ ने कहा कि वे अपनी बात कहने के लिए दुनिया का चक्कर लगाते हैं। अब कहीं न कहीं कोई तो सुनने वाला मिलेगा ही। लेकिन इसका जवाब देश की जनता को देना है। धनखड़ ने भ्रष्टाचार को 'लोकतंत्र और विकास का हत्यारा' बताया। उन्होंने कहा, कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है। साथ ही उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख करते हुए मोदी सरकार की तारीफ की।



## जरूरी खबर

### एशियन गेम्स: भारत के 5 गोल्ड सहित 22 पदक



**हांगझोउ।** भारत की निशानेबाज सिफ्त कौर सामरा ने बुधवार को यहां एशियाई खेलों की महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन व्यक्तिगत स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए गोल्ड मेडल जीता। वहीं, उनकी साथी शूटर्श मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान की तिकड़ी ने महिला 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या पांच कर दी।

■ पेज 10 भी देखें

### वनडे: कंगारुओं ने जीता मैच, भारत ने सीरीज




**राजकोट।** टीम इंडिया को बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 66 रन से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने 353 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में भारतीय पारी 49.4 ओवर में 286 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मैन ऑफ द मैच ग्लेन मैक्सवेल ने 10 ओवर में 40 रन देकर 4 अहम विकेट चटकाए। कप्तान रोहित और कोहली के अर्द्धशतक बेकार गए। हालांकि, भारत 2-1 से सीरीज अपने नाम करने में कामयाब रहा। प्लेयर ऑफ द सीरीज शुभमन गिल रहे। उन्होंने सीरीज के दो मैचों में 89.00 के औसत से कुल 178 रन बटोरे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**एक्शन में NIA: कनाडा से ऑपरेट हो रहा खालिस्तानी नेटवर्क!**

# प्रदेश के 10 जिलों में दबिश देकर 15 को किया डिटेन

## आतंकियों, गैंगस्टर्स और ड्रग तस्करों के गठजोड़ पर शिकंजा

■ **देश में 6 राज्यों के 53 स्थानों पर की गई कार्रवाई**
■ **देश में पनप रहे खालिस्तान समर्थकों के इनपुट पर कार्रवाई**

बेधड़क | जयपुर

खालिस्तान समर्थकों के 20 साल बाद भारत में फिर से एक्टिव होने की सूचना के बाद नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने बुधवार को देश में कई जगहों पर कार्रवाई की हैं। इस दौरान एनआईए ने आतंकियों, गैंगस्टर्स और मादक पदार्थ के तस्करों के गठजोड़ पर कई राज्यों में कार्रवाई के दौरान कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। ये छापे आतंकी अर्श डल्ला के सहयोगियों और कई खूंखार गैंगस्टर्स के खिलाफ मामलों से संबंधित हैं।

एनआईए से मिली जानकारी के अनुसार संबंधित राज्य पुलिस बल ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेशों दिल्ली और चंडीगढ़ में 53 स्थानों पर की गई दिन भर की छापेमारी में आवश्यक सहायता प्रदान की। छापेमारी के दौरान पिस्तौल, गोला-बारूद, बड़ी संख्या में डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई।

कार्रवाई पाकिस्तान, यूएई, कनाडा, पुर्तगाल और अन्य देशों में स्थित मादक पदार्थ-तस्करों और आतंकी संगठनों के साथ काम करने वाले विभिन्न कट्टर गिरोहों से जुड़े हथियार आपूर्तिकर्ताओं, फाइनेंसर्स और साजोसामान भेजने वालों पर केंद्रित रही हैं। एनआईए अधिकारियों ने बताया कि राजस्थान के 13 स्थानों सहित पंजाब के अमृतसर, मोगा, फाजिल्का, लुधियाना, मोहाली, फरीदकोट, बरनाला, बठिंडा, फिरोजपुर, एसएएस नगर और जालंधर, हरियाणा के रोहतक, सिरसा, फतेहाबाद और फरीदाबाद जिले और उत्तर प्रदेश में गोरखपुर, उत्तराखंड के देहरादून और उधमसिंह नगर जिले शामिल हैं।




### राजस्थान में करीब 10 जिलों में छापेमारी

एनआईए ने प्रदेश में 10 जिलों में छापेमारी करके एनआईए ने 15 से ज्यादा लोगों को पूछताछ के लिए डिटेन किया है। इन लोगों से पूछताछ की जा रही है। एनआईए के सूत्रों ने बताया कि कनाडा में बैठकर कुछ खालिस्तानी अपने समर्थकों को फिर से एक्टिव कर रहे हैं। समर्थकों से कनाड़ा से वाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया जा रहा है। उनके ब्रेन वॉश कर रहे हैं। एक्टिव लोगों को फंडिंग भी की जा रही है।

### राज्य में इन स्थानों पर मारे छापे

राजस्थान के बीकानेर, जैसलमेर, सीकर, पाली, जोधपुर ग्रामीण, बाड़मेर, कोटा ग्रामीण, भीलवाड़ा, हनुमानगढ़, झुंझुनूं, श्रीगंगानगर, जोधपुर, और अजमेर में एनआईए की अलग-अलग टीमों ने संदिग्ध लोगों को डिटेन किया और उनसे पूछताछ कर सर्च की कार्रवाई भी की है।

### ट्रांजेक्शन होने का था इनपुट

एनआईए ने पिछले दिनों एक खालिस्तान समर्थकों को डिटेन किया था, जिनसे बड़ी संख्या में ट्रांजेक्शन की डिटेल और कई राज्यों में उनके समर्थकों की जानकारी मिली थी। खालिस्तानी समर्थक से मिली डिटेल की जांच की गई तो एनआईए को एक बड़ा इनपुट देश में पनप रहे खालिस्तानियों का मिला।

### रसोड़ा गांव में दबिश

पता चला है कि रसोड़ा गांव में एनआईए टीम झुंझुनूं सदर थाना पुलिस के साथ मोहम्मद शौकत के मकान पर पहुंचे। दरअसल, शौकत का पोता इशान एनआईए की रडार पर था। वहीं, श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ और राजियासर थाना क्षेत्र में एक निजी कॉलेज के छात्र नेता के घर पर कार्रवाई हुई। उधर, नोहर में परलीका गांव के अंबेडकर चौक स्थित एक घर में रविन्द्र से पूछताछ की। वह एक साल पूर्व सूरतगढ़ में रहकर अध्यापक पात्रता परीक्षा की तैयारी कर रहा था। रविन्द्र के पड़ोस के रूम में रहने वाले कुछ लोगों के तार खालिस्तान समर्थकों के फंडिंग से जुड़े होने की जानकारी के बाद छापेमारी हुई। रविंद्र ने बताया कि उनसे केवल शक के आधार पर ही पूछताछ की गई है।

**देश के शीर्ष डायमंड कारोबारी संगठनों का निर्णय**

# 15 अक्टूबर से दो महीने हीरे की खरड़ के आयात पर रोक

बेधड़क | जयपुर

चीन और अमेरिका में डायमंड और ज्वेलरी की मांग में लगातार गिरावट के बाद भारतीय हीरा निर्माताओं के पास तैयार हीरों का भारी स्टॉक हो गया है। इसे बाजार में खपाने के लिए भारतीय हीरा निर्माता कच्चे माल अर्थात खरड़ के आयात पर स्वैछिक रूप से 15 अक्टूबर से 15 दिसंबर तक रोक लगाने पर सहमत हो गए हैं। दिसंबर प्रथम सप्ताह में स्थिति पर विचार किया जाएगा।

मुंबई में बुधवार को देश में हीरों के कारोबार से जुड़े शीर्ष संगठनों रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद, भारत डायमंड बुर्स, मुंबई डायमंड मर्चेंट एसोसिएशन, सूरत डायमंड बुर्स और सूरत डायमंड एसोसिएशन की बैठक के बाद इन संगठनों ने देश में हीरो की खरड़ के आयात पर रोक लगाने की एक सामूहिक अपील देश के खरड़ आयातकों के लिए जारी की है। इस अपील पर जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह, भारत डायमंड बुर्स के प्रसिडेंट अनूप मेहता, दी मुंबई डायमंड मर्चेंट एसोसिएशन के प्रसिडेंट भारत शाह, सूरत डायमंड बुर्स के चेयरमैन वल्लभभाई पटेल और सूरत डायमंड एसोसिएशन के प्रेसिडेंट जगदीश खुंत ने हस्ताक्षर किए है। अपील में बताया गया है कि हीरो की मांग और आपूर्ति में लगातार बढ़ रहे अंतर के कारण हीरा निर्माताओं के पास स्टॉक में काफी तैयार माल एकत्र हो गया है। इस संकट से उबरने के लिए हीरो की खरड़ के आयात को रोकना होगा।



## धोलेरा समूह में 205 करोड़ की जीएसटी चोरी

बेधड़क | जयपुर

सीकर के नेक्सा एवरग्रीन धोलेरा समूह में सीजीएसटी विभाग ने जीएसटी चोरी पकड़ी है। बुधवार को सीजीएसटी अलवर आयुक्तालय की कर अपवंचना शाखा ने मामले की पड़ताल कर 205 करोड़ की जीएसटी चोरी करने का खुलासा किया।

वहीं, शाखा ने समूह की ओर से करवाए गए 2,700 करोड़ के निवेश पर 5 फीसदी की दर से प्रशासनिक शुल्क की वसूली कर 140 करोड़ की हेर फेर भी पकड़ी गई। प्रधान आयुक्त सीजीएसटी अलवर, जयप्रकाश सिंह ने बताया कि समूह ने एक हजार करोड़ रुपए तो प्रोत्साहन राशि व इनाम के रूप में ही बांट दिए।

## दस दिन में गिरदावरी पूर्ण कर किसानों को दें राहत: मुख्यमंत्री



बेधड़क | जयपुर

फसल खराबे से प्रभावित किसानों को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आगामी 10 दिनों में राहत देने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने बुधवार शाम को सीएमआर पर समीक्षा बैठक में कहा कि इस वर्ष कई जिलों में असामान्य वर्षा से फसलों को लगातार नुकसान हुआ है। फसल खराबे का आकलन कर प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा देने के लिए गिरदावरी का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए। वहीं, फसलों की गिरदावरी रिपोर्ट अविलंब करवाने के भी निर्देश दिए, ताकि प्रभावित किसानों को तत्काल सहायता उपलब्ध करवाई जा सके।

**नड्डा और शाह ने जांचा चुनावी होमवर्क**

# किया मंथन... आज जारी हो सकती है छोटी सूची! संघ के संग होगी चर्चा

- शाह, नड्डा ने अलग-अलग नेताओं के साथ की चर्चा
- कोर कमेटी से पूछा कि बताएं क्या है आगे की रणनीति?
- पदाधिकारियों और सांसदों को विस चुनाव लड़ाने से परहेज नहीं

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनाव की रणनीति और प्रत्याशी चयन को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रदेश के नेताओं के साथ मैराथन चर्चा की। दोनों शीर्ष नेताओं ने वसुंधरा राजे, सतीश पूनियां, सीपी जोशी, दीयाकुमारी और गजेन्द्र सिंह शेखावत से चर्चा कर चुनावी तस्वीर को जाना। साथ ही कोर कमेटी के साथ बैठक कर आने वाले चुनाव की रणनीति को लेकर चर्चा की। नड्डा और शाह ने प्रदेश पदाधिकारियों से अब तक चुनावी कवायद की जानकारी ली और उनसे पूछा आगे क्या रणनीति है? चर्चा के दौरान राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी मौजूद रहे। संतोष चर्चा के एक-एक बिन्दु को लिखते नजर आए।




### डैमेज कंट्रोल की रणनीति पर भी बात

शाह और नड्डा टिकट वितरण के बाद डैमेज कंट्रोल को लेकर भी रणनीति पर चर्चा की साथ ही सांसदों को चुनावी मैदान में उतारने के असर को लेकर प्रदेश पदाधिकारियों से फीड बैक लिया। बताया जा रहा है कि पूर्वी राजस्थान में पार्टी की कमजोर स्थिति को देखते हुए यहां सांसदों को चुनावी मैदान में उतरा जा सकता है। इसे लेकर शाह ने पदाधिकारियों से बात की। वहीं, नड्डा ने प्रदेश पदाधिकारियों को भी चुनावी समर में उतारे जाने से परेहज नहीं होने की जानकारी दी। नड्डा ने कहा, पहली प्राथमिकता जिताऊ को टिकट देने की है।

### पहली सूची की कवायद

दोनों नेताओं के साथ हुई चर्चा के बाद प्रदेश पदाधिकारियों में इस बात की चर्चा थी कि भाजपा श्रद्धापक्ष यानी 29 सितंबर से पहले उम्मीदवारों की एक छोटी सूची जारी कर सकती है। वहीं, पार्टी सर्वे में डी ग्रेड की सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान इसी सूची में किया जा सकता है।

### देर रात चला बैठकों का दौर

शाह और नड्डा बुधवार शाम सात बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से सीधे होटल पहुंचे जहां रात बारह बजे बाद तक दोनों नेताओं का पदाधिकारियों से चर्चा का दौर जारी था। यह दोनों नेता आज स्थानीय आरएसएस के पदाधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। बैठक में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, पूनियां, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, चुनाव सह प्रभारी कुलदीप विश्नोई, केन्द्रीय राज्य मंत्री कैलाश चौधरी और राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर शामिल हुईं।

## जरूरी खबर

### अभिनव पार्टी 200 सीटों पर उतारेगी प्रत्याशी



**जयपुर।** विधानसभा चुनाव में अभिनव लोकतन्त्र पार्टी राजस्थान में सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। एलएपी ने राजस्थान में 200 सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर घोषणा की है। पार्टी के संरक्षक जयवीर सिंह चौहान और सुप्रीमो लाखन सिंह ने जयपुर में चुनाव प्रत्याशी उतारने को लेकर अपनी रूप रेखा बताई। इस दौरान डॉ. असिम वर्मा, शैलपा समवाल, मुकेश राजावत, प्रहलाद कुमार चक, रुकमणी मीणा ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

### ईद मिलाद-उन-नबी पर दी मुबारकबाद

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ईद मिलाद-उन-नबी के मौके पर सभी प्रदेशवासियों को मुबारकबाद दी है। मुख्यमंत्री ने संदेश में कहा कि ईद-ए-मिलाद का यह मुबारक दिन हमें भाईचारे के साथ मिल-जुलकर एक साथ रहने और अमन का माहौल कायम करने का पैगाम देता है। पैगम्बर मोहम्मद साहब ने अपना पूरा जीवन गरीब और जरूरतमंद लोगों की भलाई के लिए समर्पित किया। उनके जीवन से हमें बेसहारों को सहारा देने और आपसी भाईचारा बनाए रखने की प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सभी मुस्लिम भाई-बहनों से अपील की है कि वे मोहम्मद साहब के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें।

### अनुकम्पा नियुक्ति के 10 प्रकरणों में शिथिलता



**जयपुर।** मुख्यमंत्री गहलोत ने राजकीय कार्मिक की मृत्यु के उपरांत आश्रित द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन के 10 प्रकरणों में शिथिलता प्रदान की है। सीएम के संवेदनशील निर्णय से मृतक आश्रित परिवारों को संबल मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने आठ प्रकरणों में आवेदन की विलंब अवधि में शिथिलन प्रदान करते हुए मृतक आश्रित परिवारों को राहत दी। एक प्रकरण में न्यूनतम आयु सीमा में शिथिलन प्रदान किया गया है, जबकि एक अन्य में न्यूनतम आयु सीमा के साथ ही विलंब अवधि में भी शिथिलन दिया गया है। उक्त प्रकरणों में सहानुभूतिपूर्वक यह शिथिलता प्रदान की गई है।

**मिशन-2030:** 18 जिलों के 9 दिवसीय दौरे पर मुख्यमंत्री गहलोत, चौमूं में बागवानों से संवाद

# मेरी जिद है कि हम ईआरसीपी को बना के रहेंगे: CM गहलोत

■ मुख्यमंत्री ने खाटूश्याम जी और सालासर बालाजी मंदिर में किए दर्शन

**बेधड़क** | जयपुर

अपने ड्रीम विजन मिशन-2030 को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार से 18 जिलों के 9 दिवसीय दौरे की शुरूआत। पहले दिन सीएम गहलोत ने प्रदेश को मॉडल राज्य बनाने के लिए प्रदेशवासियों से सुझाव मांगें और जयपुर के बिड़ला सभागार में रत्न और हीरा कारोबारियों और जौहरियों से सवांद कर अपनी यात्रा का आगाज किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हेलिकॉप्टर से जयपुर के चौमूं कस्बे में पहुंचे और यहां बागवानों से संवाद किया। फिर देवदर्शन के लिए सीकर में खाटू श्याम मंदिर और चूरू में सालासर बालाजी मंदिर पहुंचे। बिड़ला सभागार में गहलोत ने कहा कि ईआरसीपी पर पीएम अजमेर और जयपुर में वादा करके गए थे। इसके बावजूद अब तक उसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किया।

पूरे देश में 16 परियोजना चल रही हैं। एक राजस्थान की हो जाएगी तो कौन सी बड़ी बात हो जाती। सीएम ने प्रधानमंत्री की ओर इशारा करते हुए कहा कि वह राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं करेंगे और मेरी जिद है कि हम ईआरसीपी को बना के रहेंगे।

यह मेरी जिद है और मैं इसे पूरा करूंगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि हमने इस बार इसका बजट 14 हजार करोड़ रुपए रखा है। वहां पर टेंडर हो गए हैं। काम चालू हो गया है।



### ईसरदा के पानी से भरेंगे रामगढ़ बांध

गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतिगत निर्णयों, कानूनों और कुशल वित्तीय प्रबंधन से पिछले 5 साल में 4 गुना गति से प्रदेश की प्रगति हुई है। इसी का परिणाम है कि 11.04 प्रतिशत जीडीपी विकास दर के साथ राजस्थान उत्तर भारत में प्रथम और देश में दूसरे स्थान पर हैं। अब प्रगति की गति 10 गुना करने के लिए राजस्थान मिशन-2030 की शुरूआत की गई है। इसमें अब तक 2.50 करोड़ लोगों ने बहुमूल्य सुझाव दिए हैं। गहलोत ने कहा कि स्वास्थ्य का अधिकार, गिग वर्कर्स वेलफेयर एक्ट, राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी एक्ट, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा, अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना, लम्पी रोग में 40-40 हजार रुपए की सहायता, किसानों की जमीन कुर्की रोकने सम्बंधित कानून सहित अन्य फैसलों की पूरे देश में चर्चा है। उन्होंने कहा कि जयपुर के रामगढ़ बांध को ईसरदा के पानी से भरेंगे।

### मंदिर प्रबंधकों ने विकास कार्यों के लिए सीएम को दिया धन्यवाद



वहीं सीएम गहलोत ने बुधवार को सीकर में खाटूश्याम जी और चूरू में सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली, सामाजिक सौहार्द और मानव कल्याण के लिए प्रार्थना की। वहीं प्रबंधकों ने राज्य सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुन्तला रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### राज्य को 50 जिलों का प्रदेश बनाया, जरुरत होने पर और बनाएंगे

गहलोत ने कहा कि प्रदेशवासियों की लम्बे समय की मांग पूरी कर राजस्थान को 50 जिलों का प्रदेश बनाया है। आवश्यकता होने और इस संबंध में गठित समिति के सुझावों से संख्या बढ़ाई जा सकती है। हमारा उद्देश्य सभी सुविधाओं और योजनाओं को आमजन तक त्वरित और सुगमता से पहुंचाना हैं। कार्यक्रम में प्रमोद अग्रवाल डेरेवाला, अरविंद गुप्ता, मातादीन सोनी, दुलीचंद सहित कई लोग मौजूद रहे।

### किसानों की जमीन के लिए बनाया कानून

सीएम गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने कृषकों और पशुपालकों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व फैसले किए हैं। सीएम बुधवार को चौमूं के खेल स्टेडियम में राजस्थान मिशन-2030 के तहत कृषि एवं बागवानी से जुड़े किसानों से संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने किसानों और पशुपालकों से आह्वान किया कि वह राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

**भाजपा के शीर्ष** नेताओं का जयपुर दौरा

# शाह, नड्डा के आने से पहले प्रदेश कार्यालय में हंगामा

■ एयरपोर्ट पर वसुंधरा राजे, गजेंद्र सिंह शेखावत व सीपी जोशी ने किया स्वागत

■ चुनावी घोषणा पत्र से लेकर प्रत्याशी चयन पर होगी चर्चा

■ दौरे से पहले भाजपा मुख्यालय के बाहर टिकट को लेकर प्रदर्शन किया

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बुधवार शाम जयपुर पहुंचे।

दोनों नेता बुधवार शाम जयपुर हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं अन्य राज्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। भाजपा के ये दो दिग्गज नेता ऐसे समय में जयपुर आए हैं, जबकि सोमवार को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जयपुर के पास जनसभा को संबोधित किया था।



दूसरी ओर, नड्डा और शाह के दौरे से कुछ घंटे पहले, विधानसभा की अजमेर दक्षिण सीट के इलाके की महिलाओं सहित कुछ लोगों ने मौजूदा विधायक अनिता भदेल के खिलाफ यहां पार्टी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और धरना दिया। उन्होंने विधायक के खिलाफ नाराजगी जताते हुए पार्टी से मांग की है कि चार बार की विधायक भदेल का टिकट काटा जाए और किसी और को पार्टी प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने का मौका दिया जाए।

अजमेर से अन्य लोगों के साथ आए श्रवण कुमार ने संवाददाताओं से कहा, विधायक ने ऐसा कुछ भी उल्लेखनीय कार्य नहीं किया है जिससे वोट मिलें।

विधायक के खिलाफ पार्टी कार्यकर्ताओं में नाराजगी है और उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं दिया जाना चाहिए।

### चुनावी रणनीति पर फोकस

भाजपा अपनी परिवर्तन यात्राओं के पूरा होने के बाद किसानों, युवाओं और महिलाओं के मुद्दों को छूने के लिए विभिन्न गतिविधियों की योजना बना रही है। अन्य राज्यों के पार्टी नेता भी आने वाले दिनों में चुनावी राज्य के विभिन्न हिस्सों का दौरा करेंगे। पार्टी राजस्थान में अपनी चुनावी रणनीति मुख्य रूप से महिलाओं और दलितों के खिलाफ अपराध, पेपर लीक, भ्रष्टाचार और हिंदुत्व जैसे मुद्दों पर फोकस कर रही है। मोदी ने सोमवार को अपनी जनसभा में इन मुद्दों पर अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर भी हमला किया। बैठक में मोदी ने यह भी साफ किया कि इस साल के आखिर में होने वाला विधानसभा चुनाव 'कमल' के निशान पर लड़ा जाएगा। इससे संकेत मिलता है कि पार्टी किसी भी स्थानीय नेता को आगे नहीं करेगी और पार्टी संगठन ही सर्वोच्च रहेगा।

**जीएसटी चोरी पर अंकुश के लिए राज्य सरकार की बड़ी पहल**

# GST बिलों पर मिलेगा 10 लाख जीतने का मौका

**बेधड़क** | जयपुर

जीएसटी चोरी पर लगाम और उपभोक्ताओं की ओर से चुकाए गए जीएसटी की क्रॉस वेरफिकेशन के लिए केन्द्र सरकार की तर्ज पर राजस्थान सरकार ने भी एक अक्टूबर से मुख्यमंत्री जीएसटी बिल पुरस्कार योजना-2023 की शुरुआत की है। योजना की अवधि 31 मार्च 2024 तक प्रभावी रहेगी। इस योजना में न्यूनतम एक हजार रुपए की खरीद करने वाले ग्राहकों को हर माह 10 लाख रुपए का पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा। राज्य सरकार ने इस योजना में हर माह 10 लाख से से 50 हजार के 23 पुरस्कार दिए जाने का निर्णय किया है। इसके अलावा जिला स्तर पर भी ग्राहकों को हर माह 10 हजार रुपए का पुरस्कार और एक हजार रुपए के 1000 सांत्वना पुरस्कार जीतने का मौका दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने भी तीन राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेशों में एक सितम्बर से "मेरा बिल मेरा अधिकार" के नाम से एक वर्ष के लिए योजना शुरू की है, जिसमें हर तिमाही बम्पर पुरस्कार के रूप में ग्राहकों को एक करोड़ रुपए जीतने का मौका दिया जाएगा। मुख्यमंत्री जीएसटी बिल पुरस्कार योजना-2023 को लेकर बुधवार को वित्त विभाग ने एक आदेश जारी किया है। पांच पेज के इस आदेश में योजना की पात्रता से लेकर पुरस्कारों का पूरा विवरण दिया गया है। राज्य में पंजीकृत करदाताओं से होने वाली खरीद के बिल पुरस्कार योजना में हिस्सा ले सकते है।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने** इंदौर में दिए अवॉर्ड

# परफॉर्मेंस स्टेट अवॉर्ड श्रेणी में राजस्थान तीसरे पायदान पर

**बेधड़क** | जयपुर

स्मार्ट सिटी परियोजना में परफॉर्मेंस स्टेट अवॉर्ड श्रेणी में राजस्थान ने देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इन्दौर में आयोजित इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव 2023 समारोह में स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव कैलाश चन्द मीणा और स्मार्ट सिटी जयपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेन्द्र सिंह शेखावत को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अवॉर्ड दिया।

इस दौरान मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल, केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मंत्रीमंडल के सदस्य, सांसद और महापौर मौजूद रहे। इंडिया स्मार्ट सिटी अवॉर्ड प्रतियोगिता की राज्य श्रेणी में मध्यप्रदेश ने प्रथम स्थान, तमिलनाडू ने दूसरा स्थान और राजस्थान — उत्तर प्रदेश ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता की पांच श्रेणियों में कुल 845 आवेदन प्राप्त हुए। उनमें से 66 फाइनल में पहुंचे, 35 अवॉर्ड प्रोजेक्ट में, 6 अवॉर्ड इनोवेशन में, 13 अवॉर्ड नेशनल/जोनल सिटी में, 5 अवॉर्ड स्टेट/यूटी में और 7 अवॉर्ड पार्टनर श्रेणी में दिए गए।

### उदयपुर नॉर्थ जोन में प्रथम

इंडिया स्मार्ट सिटी अवॉर्ड प्रतियोगिता में उदयपुर स्मार्ट सिटी को नॉर्थ जोन कैटेगरी में प्रथम अवॉर्ड के साथ मोबाईल ऐप्लीकेशन अवॉर्ड और उदयपुर स्मार्ट सिटी के लिए बेस्ट पार्टनर अवॉर्ड एलएण्डटी को प्रदान किया। समारोह में उदयपुर स्मार्ट सिटी मुख्य कार्यकारी अधिकारी अर्पणा गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कृष्ण पाल सिंह चौहान, एल एण्ड टी के उपाध्यक्ष श्रीधरन, महाप्रबंधक हनमुंगम और डिप्टी टाउन प्लानर अपूर्वा पाराशर ने अवार्ड प्राप्त किया। इंदौर में 02 दिवसीय इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव 2023 में यह अवॉर्ड दिया गया है। इस आयोजन में देश की 100 स्मार्ट शहरों ने भाग लिया।

## बिधूड़ी को भाजपा ने दी टोंक की जिम्मेदारी

**बेधड़क** | जयपुर

संसद में अभद्र टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी को भाजपा ने बड़ा जिम्मा देते हुए टोंक का प्रभारी बनाया है। बिधूड़ी दिल्ली की दक्षिण दिल्ली सीट से लोकसभा सदस्य हैं। संसद के विशेष सत्र के दौरान उन्होंने सदन में बीएसपी सांसद दानिश अली पर अभद्र टिप्पणी की थी। जिसकी विपक्षी दलों ने खूब निंदा की थी।

बाद में भाजपा ने भी बिधूडी को नोटिस दिया। बिधूड़ी को 15 दिन में इस नोटिस का जवाब देना है उससे पहले ही पार्टी ने उन्हें टोंक का प्रभारी बना दिया है। विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा ने दूसरे राज्यों के 44 नेताओं को अलग—अलग जिलों की जिम्मेदारी दी है। जिसमें दिल्ली सांसद प्रवेश वर्मा को जोधपुर देहात,पंजाब प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड



को सीकर, केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह को जयपुर शहर, हरियाणा विधायक महिपाल ढाडा को हनुमानगढ,हरियाणा प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी को चूरू, यूपी के नेता जुगलकिशोर को जयपुर देहात उत्तर, जम्मू-कश्मीर के पूर्व डिप्टी सीएम निर्मल सिंह को जयपुर देहात दक्षिण,जम्मू-कश्मीर के पूर्व डिप्टी सीएम कविन्द्र गुप्ता को दौसा, हरियाणा के अरविंद यादव को अजमेर देहात यूपी में अरुण असीम को कोटा देहात, उत्तराखंड में प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार को बारां की जिम्मेदारी दी है।

## तीस दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को मिलेंगे लेपटॉप



**जयपुर।** जोधपुर के 30 दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को अब पढ़ाई के लिए लैपटॉप उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 13.50 लाख रुपए की स्वीकृति देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की है। गहलोत ने अपने विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कोष से यह राशि स्वीकृत की है। हाल ही जोधपुर दौरे के दौरान जनसुनवाई में रूबीना खान और साथी विद्यार्थियों ने लैपटॉप के लिए आग्रह किया था, जिस पर संवेदनशील निर्णय लिया गया है। वहीं मुख्यमंत्री ने विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कोष से जोधपुर के 5 विभिन्न विकास कार्यों के लिए भी अनुशंषा की है।

**BJP की समन्वयक बैठकें**

# भाजपा ने हार-जीत के समीकरणों का लिया फीडबैक

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा सभी जिलों में समन्वयक बैठकें कर रही हैं। बुधवार को भी सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक व अन्य ने अलग- अल जिलो में बैठक लेकर जिलों में प्रत्येक विधानसभावार फीडबैक लिया। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने तीन जिलों दौसा, टोंक, सवाईमाधोपुर की बैठक लीं।



वहीं नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने अजमेर में बैठक ली। इस दौरान राठौड़ ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। साथ ही राज्य की कांग्रेस सरकार पर राजस्थान को आर्थिक आपातकाल की ओर धकेलने का आरोप लगाया। राठौड़ ने कहा कि आज राज्य हाई फिजिकल स्ट्रेस में है, क्योंकि मौजूदा सरकार ने जनता के धन का दुरुपयोग किया।

वहीं भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी बीकानेर पहुंचे। यहां एक होटल में जोशी ने कई टिकट दावेदारों से वन टू वन बातचीत की। उनसे टिकट देने पर जीत का आधार पूछा गया। इन सभी सातों सीटों का फीडबैक भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर दिया गया।

इसी तरह सभी जिलों में अलग- अलग बैठक में जीत हार के समीकरण जानें।

### पारदर्शी तरीके से करेंगे टिकट वितरण: राठौड़

राजेन्द्र राठौड़ ने राहुल गांधी के राजस्थान चुनावों में भाजपा-कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर के बयान पर कहा कि कांग्रेस की टक्कर भाजपा से नहीं बल्कि खुद से है। कांग्रेस में दो खेमें हैं, एक गहलोत और एक पायलट। इनमें टिकटों को लेकर टकराव है। दोनों खेमे चाहते हैं कि हमारे लोगों को ज्यादा से ज्यादा टिकट मिले। वहीं भाजपा में एक ही गुट है वो गुट है नरेंद्र मोदी गुट। वसुंधरा को लेकर कहा कि वह भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं, ऐसे में उनकी सक्रियता पर सवाल उठाना उचित नहीं है। हम अपने कार्यकर्ताओं और मंडल स्तर से लेकर जिला स्तर तक और प्रदेश स्तर तक पारदर्शिता तरीके से सबकी राय के अनुसार टिकट वितरण करेगी।

### सीएम का बस चले तो केंद्रीय मंत्रियों के आने पर बैन लगा दें

वहीं एक बार फिर सीएम अशोक गहलोत के बयान पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने तल्खी दिखाई है। गहलोत पर जुबानी हमला बोलते हुए शेखावत ने कहा कि सीएम गहलोत के वश में हो तो केंद्रीय मंत्रियों के राजस्थान आने पर बैन लगा दें। उन्होंने कहा कि बाड़ेबंदी की तो गहलोत को आदत है। गौरतलब है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सवाल उठाया था। जिस पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने यह यह पलटवार किया है।

## पैलेस ऑन व्हील्स को राठौड़ ने दिखाई हरी झंडी



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ ने भारतीय रेल और आरटीडीसी द्वारा संचालित शाही रेलगाड़ी पैलेस ऑन व्हील्स को बुधवार को नई दिल्ली के सफदरजंग रेल्वे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पर्यटन की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर राठौड़ ने बताया कि राजस्थान सरकार ने नई पर्यटन पॉलिसी बनाने के साथ ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई नए पर्यटन सर्किट बनाए हैं।

उन्होने बताया पर्यटकों की सुविधाओं के लिए इस ट्रेन के इंटीरियर में काफी बदलाव किए गए हैं।

## जरूरी खबर

### युवा प्रदेश उपाध्यक्ष बने विजय शर्मा



**जयपुर।** विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कर्नल के निर्देशन पर बुधवार को विप्र युवा के मनोज पाण्डे ने प्रदेश कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया है। नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर चन्द्रशेखर जैमनी, नीरज तिवाड़ी, संजय व्यास, धर्मेन्द्र शर्मा, विपुल ओझा चुने गए। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर विजय शर्मा, राजकुमार शर्मा, कपिल पचौरी, विनय शर्मा, भवानी सिखवाल, अशोक शर्मा, सुनील तिवाड़ी, अंकुर पारीक, रमेश भिवाल, ऋषि पारीक, विवेक तिवाड़ी को नियुक्त किया गया। उन्होंने बताया कि सचिव पद पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई।

### शिविर में 650 से अधिक लोगों ने किया ब्लड डोनेट



**जयपुर।** गगेंद्र सेवा समिति की स्व. गगेंद्र सिंह शेखावत पुण्य तिथि पर रक्त दान शिविर ओमकार गार्डन स्वेज फार्म में लगाया गया। शिविर में 650 से अधिक यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता पवन गोयल राम सिंह चंदलाई भवानी सिंह कालवी योगिता सांवराद, महिपाल सिंह मकराना, बद्री सिंह राजावत व अन्य ने रक्त दाताओं हौसला बढ़ाया। शिविर के आयोजक गजेंद्र सेवा समिति के सभी सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया।

राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे शहरवासियों को समर्पित

# खोले के हनुमान जी में आज से कर पाएंगे रोप-वे की सवारी

बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर को गुरुवार को दो सौगातें मिलने जा रही हैं। पहली सौगात में खोले के हनुमान जी मंदिर से वैष्णो माता मंदिर तक जयपुर का पहला रोप-वे शुरू किया जाएगा, वहीं कंवर नगर में परकोटे के छात्रों के लिए बने डिग्री कॉलेज का भी लोकार्पण किया जाएगा। रोप वे का उद्घाटन राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे। डिग्री कॉलेज का लोकार्पण जलदाय मंत्री महेश जोशी करेंगे।

श्री नरवर आश्रम सेवा समिति खोले के हनुमानजी प्रन्यास के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि रोप-वे चालू होने पर खोले के हनुमान जी मंदिर से अन्नपूर्णा माता मंदिर और वैष्णो माता मंदिर का सफर मात्र पांच मिनट में हो जाएगा। उद्घाटन समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र मुख्य अतिथि होंगे। राज्यपाल के अलावा सांसद रामचरण बोहरा, जलदाय मंत्री महेश जोशी समेत कई जनप्रतिनिधि भी मोजूद रहेंगे।



### एक साल में 18 करोड़ की लागत से बनकर हुआ तैयार

उन्होंने बताया कि रोप वे में ऑटोमेटिक और पैनोरमिक केबिन बनाए गए हैं, जहां से चारों तरफ का नजारा देखा जा सकेगा। साथ ही इससे पर्यटन में भी चार चांद लगेंगे। रोप-वे करीब 18 करोड़ की लागत से एक साल में बनकर तैयार हुआ है और इसका निर्माण रॉक इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड ने किया है। वहीं, खोले के हनुमान जी मंदिर की पहाड़ियों पर बने वैष्णो देवी मंदिर जाने के लिए रोप वे का किराया 150 रुपए प्रति व्यक्ति होगा। एक साइड किराया 75 रुपए रहेगा, जिसमें दिव्यांगों और वृद्धजनों को छूट दी जाएगी।

### सीढियों से लगते थे 45 से 50 मिनट

उन्होंने बताया कि खोले के हनुमान जी मंदिर से अन्नपूर्णा माता मंदिर और वैष्णो माता मंदिर तक जाने में करीब 45 मिनट का वक्त लगता था, लेकिन अब इस सफर को पूरा करने में सिर्फ 5 मिनट का समय लगेगा। कंपनी के निदेशक कैलाश खंडेलवाल ने बताया कि पांच टावरों पर 413 मीटर लंबाई के रोप वे के शुरू होने के बाद लोग वैष्णो माता मंदिर के दर्शन आसानी से कर सकेंगे। रोप वे में 12 ट्रॉलियों का संचालन किया जाएगा। प्रत्येक ट्रॉली में 6 लोगों के बैठने की क्षमता है। एक राउंड में 72 यात्री सफर कर सकते हैं। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने रोप वे की सुरक्षा और क्षमता की जांच की है। वहीं, रोप वे की शुरुआत होने से पर्यटन की गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही पर्यटक शहर और जंगल के विहंगम दृश्यों को भी देख सकेंगे।

### मंत्री जोशी करेंगे कंवर नगर डिग्री कॉलेज का उद्घाटन

वहीं गुरूवार को जयपुर स्मार्ट सिटी की ओर से तैयार किए कंवर नगर स्थित डिग्री कालेज का उद्घाटन गुरुवार को किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री डा. महेश जोशी होंगे। इनके अलावा विशिष्ट अतिथि सांसद राम चरण बोहरा होंगे। ब्रहमपुरी क्षेत्र में कॉलेज के खुलने से परकोटे के छात्र और छात्राओं को आगे पढ़ाई करने में मदद मिलेगी।

अध्यापक भर्ती लेवल टू के सभी परीक्षा परिणाम जारी

# सत्ताइस हजार पदों में से साढ़े 5 हजार रहेंगे खाली

श्रवण भाटी | बेधड़क

**जयपुर।** कर्मचारी चयन बोर्ड ने बुधवार को अध्यापक भर्ती परीक्षा 2022 के लेवल टू में सामाजिक विज्ञान विषय का अंतिम परिणाम जारी कर दिया। 27 हजार पदों पर आयोजित हुई भर्ती परीक्षा में पहली सूची में करीब साढ़े 21 हजार पद भरें जाएंगे। वहीं, करीब 5500 पद खाली रह जाएंगे। खाली रहे पदों पर चयन बोर्ड आगामी दिनों में दो गुणा में चयनित सूची जारी कर पदों पर भर जाएंगे। जानकारी के अनुसार आगामी सप्ताह में चयन बोर्ड सूची जारी करेगा। बोर्ड ने 27 हजार पदों पर आयोजित 8 विषयों के परिणाम जारी करने के बाद 7 विषयों में जिलों का आवंटन भी कर दिया है।

### रिक्त रहे पदों पर नई सूची जारी कर पद भरेगा चयन बोर्ड




| विषय | पद | भरे | रिक्त |
|---|---|---|---|
| हिंदी | 3176 | 2450 | 716 |
| पंजाबी | 272 | 178 | 94 |
| सिंधी | 9 | 1 | 8 |
| संस्कृत | 1808 | 1084 | 724 |
| उर्दू | 806 | 551 | 240 |
| अंग्रेजी | 8782 | 6737 | 2015 |
| विज्ञान/ गणित | 7435 | 6384 | 1046 |
| एसएसटी | 4712 | 4117 | 655 |
| कुल | 27000 | 21502 | 5498 |

“ अब सरकार जल्द से जल्द चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति देकर रोजगार प्रदान करे। खाली रहे पदों पर जल्द से जल्द नई सूची जारी कर भरे, ताकि वंचित रहे अभ्यर्थियों को मौका मिल सके।

**उपेन यादव,** प्रदेशाध्यक्ष बेरोजगार एकीकृत महासंघ

“ खाली रही सीटों पर प्रोविजनल सूची में रहें अभ्यर्थी और दस्तावेज सत्यापन में बाकी रहे अभ्यर्थियों की सूची जारी कर पद भरे जाएंगे। चयन बोर्ड जल्द से जल्द नियुक्ति को लेकर शिक्षा विभाग को अभ्यर्थना भेजेगा।

**आलोक राज,** अध्यक्ष कर्मचारी चयन बोर्ड

### आचार संहिता से अटक सकती है नियुक्ति

प्रदेश में आगामी विधान सभा चुनाव की आचार संहिता से पहले कुछ ही अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिल पाएगी। वही, अधिकतर अभ्यर्थियों को नई सरकार बनने का इंतजार करना पड़ेगा। उसके बाद ही उन अभ्यर्थियों को स्कूलों में नियुक्ति मिल पाएगी। आचार संहिता लगने से सरकारी सेवा चयनित अध्यापकों के सपनों को पूरा करने का फिर इंतजार करना पड़ेगा। चयनित अध्यापकों की नियुक्ति को लेकर चयन बोर्ड अभ्यर्थना शिक्षा विभाग को भेजेगा। उसके बाद विभाग ही अंतिम रूप से प्रदेश के सरकारी स्कूलों में खाली पदों पर नियुक्ति देगा।

फायरमैन भर्ती को लेकर धरना स्थगित

## मंत्री के जयपुर पहुंचते ही कर देंगे नियुक्ति आदेश



बेधड़क | जयपुर

फायरमैन भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति आदेश जारी करवाने को लेकर बेरोजगारों ने बुधवार को डीएलबी के बाहर प्रदर्शन किया। बेरोजगार एकीकृत महासंघ के उपेन यादव ने बताया कि नियुक्ति को लेकर डीएलबी के अधिकारियों और सीएमओ का अधिकारियो से प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुई। विभाग के मंत्री जयपुर पहुंचते ही नियुक्ति प्रक्रिया की फाइल का अनुमोदन करवाकर तत्काल चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी कर दिए जाएंगे। वार्ता होने के बाद बेरोजगारों ने धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया।

## डॉक्टर-स्टूडेंट्स ने किया प्रदर्शन



**जयपुर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में रेजिडेंट डॉक्टर्स और स्टूडेंट्स ने बुधवार को तीन सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। सयुंक्त संगठन के अध्यक्ष डॉ. नवल सिंह ने बताया कि मानदेय वृद्धि, आवासीय भत्ता और वार्षिक शुल्क की बढ़ोत्तरी को लेकर निरंतर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा हैं। मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार एवं धरना प्रदर्शन किया गया, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई भी सकारात्मक रवैया नहीं दिखाया गया। उन्होंने बताया कि मांगें नहीं माने जाने तक धरना और कार्य बहिष्कार अनवरत जारी रहेगा

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

नेशनल कॉन्फ्रेंस सीएसआई कार्डियक प्रिवेंट 30 से

## 'दिल की बीमारी' से बचाव पर मंथन करने को जुटेंगे विशेषज्ञ

बेधड़क | जयपुर

लोगों को 'दिल की बीमारी' से बचाने के लिए शहर में दो दिन तक 700 से अधिक कार्डियोलॉजिस्ट जुट कर चर्चा करेंगे। मौका होगा कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया की राजस्थान शाखा की ओर से 30 सितंबर से होने वाली दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस सीएसआई कार्डियक प्रिवेंट का।

ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. एसएम शर्मा ने बताया कि कॉन्फ्रेंस का आयोजन टोंक रोड स्थित एक होटल में 30 सितंबर और एक अक्टूबर को होगा। कॉन्फ्रेंस में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में सुप्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. समीन शर्मा होंगे। कॉन्फ्रेंस में पहली बार आमजन को भी ऑनलाइन जोड़ा जाएगा, जो अपने सवाल विशेषज्ञ चिकित्सकों से पूछ सकेंगे। आयोजन सचिव और एसएमएस के सीनियर प्रोफेसर डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि हार्ट बीमारी से संबंधित जितनी भी मौतें होती हैं, उसमें 85 फीसदी हार्ट अटैक और स्ट्रोक के कारण होती है। प्रेस वार्ता में एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल सहित जॉइंट ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी और एसएमएस के कार्डियोलॉजी के डॉ. दिनेश गौतम मौजूद रहे।



हाथी मालिक ने एक NGO के खिलाफ दर्ज कराया मामला

## हथिनियों को दिया जहर! एक की मौत

बेधड़क | जयपुर

राजधानी के आमेर स्थित हाथी गांव में हथिनियों को जहर देने का मामला सामने आया है। हाथी मालिक ने 4 हथिनियों को आटे की बाटियों में जहर देने का आरोप लगाया है। जहर के कारण 1 हथिनी की मौत हो गई, जबकि 3 हथिनियां बीमार चल रही हैं।

इस संबंध में हाथी मालिक ने आमेर थाने में एक एनजीओ के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि हाथी मालिक सद्दीक खान ने मामला दर्ज कराया है कि हाथी गांव में उसके बाड़े में बंधी 4 हथिनियों को 25 सितंबर की रात को एक एनजीओ के लोगों ने बाटी में जहर दे दिया। जहर की बाटियां खाने से उनकी एक हथिनी की मौत हो गई, जबकि 3 हथिनियां बीमार चल रही है। महावतों को हथिनियों के बाड़े से करीब 10 बाटियां मिली। इनकी जांच करने पर सामने आया कि उसमें जहर मिला हुआ है।

पुलिस ने बताया कि मौके से बाटियां जब्त की गई है और हथिनी का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया है। विसरा रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चल पाएगा कि बाटियों में जहर था या नहीं। फिलहाल पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



नौ माह में सिर्फ एक करोड़ खर्च कर पाया हेरिटेज निगम

# सरकार के 25 करोड़ रुपए देने के बाद भी गंदगी से अटी शहर की गलियां


बेधड़क | जयपुर

राजधानी के परकोटे क्षेत्र में निगम प्रशासन दी गलियों को साफ करने के लिए दिए 25 करोड़ रुपए में से नौ माह में सिर्फ एक करोड़ रुपए ही खर्च कर पाया है। परकोटे के मकानों के बीच बनी इन 5400 गलियों की सफाई के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नगर निगम हेरिटेज को नौ माह पहले 25 करोड़ रुपए दिए थे, जिससे कि इन गलियों की नियमित सफाई होती रहे, लेकिन नियमित सफाई तो छोडो, कई तो सालभर में एक बार भी साफ नहीं हो पाई।

इन गलियों के पास सिथत मकानों में रहने वाले लोग बदबू के मारे बंद कमरों में रहने को मजबूर हैं। बारिश के बाद तो यहां के हालात और ज्यादा बिगड़ गए। गंदगी से अटी पड़ी इन गलियों में मच्छरों की भरमार हो गई है, जिससे इलाके में बीमारियां भी पनप रही है।

“ गंदी गलियों की सफाई के लिए जल्द बैठक कर मॉनिटिरिंग की जाएगी। गलियों की बिना सफाई हुए कम्पनी को भुगतान नहीं किया जाएगा। लोगों भी गलियों में कचरा नहीं डालने के लिए समझाइश की जाएगी।

**राजेन्द्र सिंह शेखावत,** आयुक्त हेरिटेज निगम



### घरों के गंदे पानी के निकास के लिए निकाली गई थी गलियां

स्थानीय लोगों के अनुसार शहर के परकोटे में बने मकान रियासतकालीन हैं। इन मकानों में सीवर, रसोई आदि का गंदा पानी निकालने के करीब 20 साल पहले मकानों का कनेक्शन करवाने का काम शुरू किया था। इसके तहत इन घरों के स्नानघर, रसोई, मोरी आदि से निकलने वाले गंदे पानी को पाइप लाइनों के जरिए गलियों में एक चैम्बर में लाया गया और वहां से सीवर लाइन में जोड़ा गया। इससे पहले ये गंदा पानी खुले में गलियों में गिरता था। इसके कारण लोग इन्हें गंदी गलियां कहने लगे थे, लेकिन इन गलियों में बने सीवर चैंबर का भी कोई रखरखाव नहीं हो पाया। इस कारण गलियों में गंदा पानी बहने लगा।

### निगम ने एक करोड़ का ही किया भुगतान, कंपनी का दावा 10 करोड़ का हो चुका है काम

गंदी गलियों की सफाई का टेण्डर लेने वाली कम्पनी के कृष्णकांत शर्मा ने बताया कि परकोटे की 5000 से ज्यादा गलियों की नियमित सफाई के लिए हमने 70 कर्मचारी लगा रखे हैं। गलियों की नियमित सफाई हो रही है, लेकिन स्थानीय लोग जागरूकता के अभाव में इन गलियों में ही कचरा फेंक जाते हैं। हालांकि, निगम प्रशासन की ओर से गंदी गलियों में कचरा फेंकने पर चालान का प्रावधान भी है। हमने अभी तक आधी गलियां साफ कर दी हैं। इसका व्यय करीब 10 करोड़ रुपए हो चुका है, लेकिन निगम की ओर से एक करोड़ रुपए का ही भुगतान किया है। ऐसे में निगम भुगतान करें तो बाकी का काम भी जल्द पूरा कर दिया जाएगा।

### किशनपोल विस में है सबसे ज्यादा गलियां

परकोटे की 5400 गलियों में सबसे ज्यादा किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में हैं। किशनपोल क्षेत्र में करीब 3000 गलियां है। आदर्श नगर में करीब 1500 और हवामहल में 900 गलियां है। किशनपोल क्षेत्र के वार्ड 74 में ही 700 गलियां है। इस वार्ड में कई प्रमुख बाजार भी आते है, जहां पर्यटक भी खरीदारी करने आते हैं। लोगों का कहना है कि विदेशी पावणों के सामने हमें भी शर्मिंदा होना पड़ता है।

## जरूरी खबर

### सेक्सटॉर्शन में नाबालिग समेत दो को किया गिरफ्तार



**राजसमन्द।** जिले के साइबर सेल की टीम ने सेक्सटॉर्शन कर ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने डीग जिले के पहाड़ी थाना इलाके में कठौल गांव निवासी आरोपी रोबिन खान पुत्र हाजर मेव (19) को गिरफ्तार कर उसके साथी बाल अपचारी को डिटेन किया है। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि आरोपियों ने एक 72 वर्षीय बुजुर्ग को ब्लैकमेल कर 7.74 लाख रुपए ऐंठ लिए और लगातार उससे राशि की डिमांड कर रहे थे। आरोपियों ने व्हाट्सएप वीडियो कॉल से बुजुर्ग का वीडियो बना लिया और ब्लैकमेल किया।

### तीन करोड़ की चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा।** बीते दिनों शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र के विजय सिंह पथिक नगर में एक कपड़ा व्यवसायी के घर 3 करोड़ रुपए की नकबजनी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चुराए गए माल को बरामद करते हुए एक सह आरोपी नवीन गोस्वामी को पकड़ा है। सदर पुलिस उप अधीक्षक लक्ष्मण राम ने बताया कि 4 सितंबर को शहर के सुभाषनगर थाना क्षेत्र के विजय सिंह पथिक नगर में दामोदर लढा के घर अज्ञात लुटेरों ने नकबजनी की वारदात को अंजाम दिया था। इस दौरान चोर उनके घर से 3 करोड़ रुपए के सोने के आभूषण, 6 किलो चांदी व डायमंड के आभूषण सहित 40 लाख रुपए नकदी चुरा कर ले गए थे।

### पद दंगल कार्यक्रम में मुकेश मीणा का किया स्वागत



**टोंक।** जलझूलनी एकादशी में देहलवाल जी के मेले में कामधेनु गोपाल गोशाला समिति की ओर से पद दंगल कार्यक्रम आयोजन किया गया। दंगल को देखने के लिए दूर दराज से लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप से सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मुकेश मीणा उपस्थित रहे। मुकेश मीणा ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं। हमें गो सेवा करनी चाहिए, साथ ही गो सेवकों को बढ़ावा देना चाहिए। मुकेश मीणा की ओर से गोशाला में 1 लाख 41 हजार रुपए देने की घोषणा की गई। इससे पहले मीणा का उनियारा पहुंचने पर स्वागत किया गया।

**बिलोता में कन्या महाविद्यालय और नाथद्वारा में गोवर्धन विद्यालय के भवन का किया लोकार्पण**

# सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी: मिश्र

**बेधड़क** | राजसमंद

महामहिम राज्यपाल कलराज मिश्र और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने बुधवार को दो महत्वपूर्ण विकास कार्य जनता को सुपुर्द किए। उन्होंने नाथद्वारा में गोवर्धन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के नए भवन एवं बिलोता में सुखाड़िया विवि के राजकीय कन्या महाविद्यालय के नए भवन का लोकार्पण किया।



कार्यक्रमों में सहकारिता मंत्री एवं प्रभारी मंत्री उदयलाल आंजना, शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला, सांसद दीया कुमारी और मिराज समूह के अध्यक्ष मदन पालीवाल आदि उपस्थित रहे। इससे पहले राज्यपाल मिश्र ने भगवान श्रीनाथजी के दर्शन किए।

उन्होंने देश प्रदेश की खुशहाली की कामना की। नाथद्वारा में गोवर्धन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को सौ साल पूरे होने पर नए भवन का लोकार्पण करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विद्यालय की शताब्दी के अवसर पर यहां उपस्थित होकर वह गौरवान्वित हैं। मिश्र ने बच्चों से अध्ययन और खेलकूद दोनों गतिविधियों को साथ-साथ जारी रख जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय का इतिहास जानकर बहुत खुशी हुई है।

उन्होंने नई शिक्षा नीति की मंशा एवं विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अपने विचार व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि विद्यालय सूरज की तरह रोशनी प्रदान करने वाले स्थल होते हैं। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि जीवन में खेलकूद का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। खेलकूद से ही बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है।

#### अंग्रेजी शिक्षा पर दिया जोर

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने कहा कि वह छठी कक्षा से 11वीं कक्षा तक इसी स्कूल में पढ़े हैं। उन्हें अपने अध्यापकों के नाम आज तक याद है। उन्होंने अपने अध्यापकों देवी सिंह चारण, रघुनाथ, हरगोविंद सहित अन्य का नाम मंच से लेते हुए उन्हें याद करते हुए कहा कि अध्यापकों का उनके जीवन में योगदान महत्वपूर्ण है। इसी मौके पर उन्होंने विधायक मद से इस विद्यालय में 50 लाख रुपए की लागत से अंग्रेजी लिंग्विस्टिक लैब स्थापित करने की भी घोषणा की। शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने कहा कि राज्य में आईसीटी क्लासेस को लेकर अभूतपूर्व कार्य हुआ है। 24000 विद्यालयों में आईसीटी क्लास की स्थापना हुई है। उन्होंने डॉ. जोशी के आग्रह पर अंग्रेजी साहित्य एवं म्यूजिक की कक्षाएं शुरू करने की भी मंच से घोषणा की। इस मौके पर विद्यालय में सहयोग करने वाले भामाशाहों मिराज ग्रुप के चेयरमैन मदन पालीवाल, गंगानगर निवासी बिश्नोई, आईएफएम फाउंडेशन के मोहित, सुदर्शन टेक्सटाइल्स के रामलाल कुमावत, शिक्षक रवींद्र कुमार, चैतन्य दीप उपाध्याय आदि को सम्मानित किया गया।

#### बालिका शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण

राज्यपाल कलराज मिश्र और विधानसभा अध्यक्ष डॉ.सी.पी जोशी ने अंत में बिलोता में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के अधीन बनाए गए राजकीय कन्या महाविद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस अवसर पर बालिका शिक्षा को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए इसके लिए सबको मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

**उपराष्ट्रपति ने किया क्षेत्रीय बाजरा अनुसंधान केंद्र का शिलान्यास**

# किसानों के जीवन में बदलाव ला रही केंद्र सरकार: धनखड़

**बेधड़क** | गुड़ामालानी (बाड़मेर)

बाड़मेर के गुड़ामालानी में बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हजारों की संख्या में उपस्थित किसानों की मौजूदगी में ICAR के क्षेत्रीय बाजरा (श्रीअन्न) अनुसंधान केंद्र का शिलान्यास किया और जनसभा के रूप में आयोजित कृषक-वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। शिलान्यास एवं कृषक-वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं स्थानीय बाड़मेर सांसद कैलाश चौधरी, जालोर सांसद देव भाई पटेल, राजस्थान सरकार में मंत्री हेमाराम चौधरी, सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल सहित हजारों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।




उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्रीय बाजरा अनुसंधान संस्थान के रूप में जिले को मिली यह सौगात स्थानीय किसानों के लिए क्रांतिकारी कदम साबित होगी। केंद्र सरकार ने मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए 2023 को मिलेट्स वर्ष के रूप में घोषित करवाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार मोटे अनाजों को बढ़ावा देकर न केवल आमजन के स्वास्थ्य का ध्यान रख रहे हैं अपितु इससे कृषि लाभकारी क्षेत्र बन रहा है और किसने की आमदनी में भी वृद्धि हो रही है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार खेती को लाभकारी बनाने और किसानों के जीवन में बदलाव लाने के लिए अच्छा कार्य कर रही है।

#### किसानों को आत्मनिर्भर बना रहे पीएम

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने वर्चुअल रूप से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र के किसानों को बाजरा अनुसंधान संस्थान के रूप में मिली सौगात के लिए शुभकामनाएं दी। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व सहित केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री और स्थानीय सांसद कैलाश चौधरी के प्रयासों की सराहना की। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर सहित कार्यक्रम में आए जनप्रतिनिधियों और आमजन का धन्यवाद ज्ञापित किया। कैलाश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। यह संस्थान इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

#### असफलता के डर से प्रयास करना कभी नहीं छोड़ें

**झुंझुनूं।** देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर झुंझुनूं के पिलानी में पहुंचे। पिलानी स्थित बिट्स संस्थान पहुंचने पर उप राष्ट्रपति धनखड़ का जोरदार स्वागत किया गया। बता दें कि सर्वप्रथम उप राष्ट्रपति धनखड़ ने बिट्स परिसर में वृक्षारोपण किया। उसके बाद अपने उद्बोधन में कहा कि आज भारत विश्व में एक शक्ति के रूप में स्थापित हो चुका है और आगे भविष्य में और भी ज्यादा विश्व पटल पर छा जाएगा। छात्रों को मोटिवेशन देते हुए कहा कि नॉलेज मनुष्य का सबसे बड़ा पावर हाउस है। इसलिए असफलता के डर से प्रयास करना कभी मत छोड़ना। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बिट्स संस्थान को लेकर कहा कि आज संस्थान में कई साल बाद आने पर मुझे बहुत ही अच्छा लग रहा है। उन्होंने छात्रों से संवाद भी किया। छात्रों ने उनसे अलग-अलग तरह के सवाल किए, जिनका धनखड़ ने बड़ी ही सहजता और सरलता के साथ उत्तर दिया। संस्थान द्वारा उन्हें शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। उप राष्ट्रपति धनखड़ के साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी मौजूद रहे।

**सालासर से हनुमान बेनीवाल करेंगे शुरू**

## RLP की सत्ता संकल्प यात्रा का आगाज आज

**बेधड़क** | चूरू

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो तथा नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की अगुवाई में गुरुवार को चूरू जिले के सालासर धाम से पार्टी की सत्ता संकल्प यात्रा का आगाज किया जाएगा। गुरुवार को दोपहर सालासर में पूजा अर्चना के बाद बेनीवाल जन सभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद यात्रा लोढ़सर होते हुए सुजानगढ़ तक जाएगी।



सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा कि राजस्थान में व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प के साथ यात्रा की शुरुआत की जा रही है और सदस्यता अभियान में जिस तरह लोगों ने उत्साह के साथ कार्य किया उससे ज्यादा उत्सुकता लोगों में सत्ता संकल्प यात्रा को लेकर है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से भोपालगढ़ विधायक पुखराज गर्ग, खींवसर विधायक नारायण बेनीवाल तथा मेड़ता विधायक इंदिरा देवी बावरी सालासर में यात्रा के आगाज की व्यवस्थाओं का जिम्मा संभाल रहे है।

## कार से 30 लाख रुपए की नकदी को किया जब्त

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

राजस्थान-मध्य प्रदेश सीमा पर चित्तौड़गढ़ की कोतवाली निंबाहेड़ा पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जोधपुर ने बुधवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक कार से 30 लाख रुपए की नकदी जब्त की है।

इसके साथ ही टीम ने कार चालक को भी डिटेन किया है। पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यन्त ने बताया कि जलिया चेक पोस्ट पर मध्य प्रदेश की तरफ से आने वाले वाहनों की चेकिंग के लिए एनसीबी व जोधपुर पुलिस की संयुक्त नाकाबंदी की गई थी।

इस दौरान नीमच एमपी की तरफ से एक कार को रुकवाकर चेकिंग की गई तो उसमें से 500, 200, 100, 50 रुपए के नोट मिले। चालक जिग्नेशभाई कोठिया से पुलिस पूछताछ कर रही है।

**कार्यक्रम में जिलेभर से पत्रकार हुए शामिल**

## दौसा प्रेस क्लब का गठन, महेश बालाहेड़ी बने सर्वसम्मति से अध्यक्ष

**बेधड़क** | दौसा

दौसा के पत्रकारों ने पारस्परिक एकता के लिए दौसा जिले में दौसा जिला प्रेस क्लब का गठन किया। सर्वसम्मति से महेश बालाहेड़ी को अध्यक्ष बनाया। चुनाव अधिकारी अधिवक्ता मानसिंह ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया फर्स्ट टावर स्थित प्रेस क्लब कार्यालय पर किया गया।



सभा में जिलेभर से आए पत्रकारों ने भाग लिया। उन्होंने आगे बताया कि संगठन के निष्पक्ष निर्वाचन के लिए वरिष्ठ पत्रकार अजय नागर, अधिवक्ता मानसिंह गुर्जर, अधिवक्ता लक्ष्मी कांत शर्मा व प्राध्यापक आर. के. धवन निर्वाचन अधिकारी के रूप में मौजूद रहे। वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र जैमन ने निर्वाचन दल के समक्ष दौसा के वरिष्ठ पत्रकार महेश बालाहेड़ी के नाम का प्रस्ताव रखा जिस पर जिलेभर से आए वरिष्ठ पत्रकारों ने सहमति व्यक्त की।

जिसके बाद दौसा जिला प्रेस क्लब का पहला निर्विरोध जिला अध्यक्ष महेश बालाहेड़ी को चुन लिया गया। जिनका वरिष्ठ पत्रकारों ने साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। सभा मे जिलेभर से आए पत्रकारों में दौसा से राजेंद्र जैमन, बजरंग सिंह चौहान, अजय नागर, अजय शर्मा, सुशील शर्मा, मुकेश त्रिवेदी, नवल किशोर शर्मा, कमल शर्मा, सुमनलता जायसवाल बांदीकुई से अतुल शर्मा, राजेश शर्मा, सिकराय व सिकंदरा से मनीष जैमन, विश्राम सैनी, नवल जोशी, देवेंद्र सैंहणा, धर्मेंद्र अवस्थी, श्याम सुंदर शर्मा, सुमेर सिंह बुर्जा, विनोद जैमन सहित कई लोग मौजूद रहे।

**साजिशकर्ता कैशियर के पास से 77 हजार रुपए और लेपटॉप बरामद**

## झूठी निकली लूट की कहानी, गुनाह कबूला

■ फाइनेंस कंपनी के कैशियर पुलिस को कर रहा था गुमराह

**बेधड़क** | टोंक

निवाई में फाइनेंस कंपनी के कैशियर के साथ करीब छह लाख की लूट की वारदात का पुलिस ने 24 घंटे में ही आज पर्दाफाश कर दिया है। लूट की वारदात को किसी अन्य लूटेरों ने नहीं की, बल्कि स्वयं फरियादी बने फाइनेंस कंपनी के कैशियर ने ही लूट की झूठी कहानी रची थी।



लूट की झूठी कहानी पर किसी को शक नहीं हो, इसके लिए कैशियर ने स्वयं के दोनों हाथों पर नुकीले हथियार से कट लगा लिए। पुलिस ने आरोपी कैशियर को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी राजर्षि राज ने बताया कि 25 सितंबर को निवाई पुलिस को सूचना मिली थी कि बाइक सवार दो नकाबपोशों ने निवाई एसके फाइनेंस कंपनी के कैशियर गौरव शर्मा पुत्र छत्रधारी ब्राह्मण निवासी निवाई के साथ करीब छह लाख रुपए लूट हुई है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची घटना स्थल का जायजा लिया। आसपास के सीसीटीवी खंगाले गए। पुलिस ने गहनता से जांच की तो कैशियर पर ही झूठी कहानी रचने का शक हुआ। थोड़ी सख्ती से पूछताछ की तो आरोपी ने लूट की झूठी कहानी रचना कबूल कर लिया। आरोपी गौरव ने कंपनी में करीब साढ़े पांच लाख रुपए का गबन किया है। आरोपी के कब्जे से 77 हजार रुपए व एक लेपटॉप बरामद किया है।

आरोपी के बैंक खाते में 65 हजार रुपए जमा है। एसपी ने बताया कि आरोपी गौरव शर्मा जिस फाइनेंस कंपनी मे काम करता था, उसमें करीब साढ़े पांच लाख का रुपए का गबन करना सामने आया। इसक पता कंपनी संचालक को लग गया था। इन रुपए को कंपनी को देना नही पड़े, इसके लिए कैशियर ने लूट की ये झूठी कहानी रची।

**भरतपुर में मतदाता जागरूकता अभियान**

# वोट फॉर नेशन: पांच हजार विद्यार्थियों ने दिया मतदान का संदेश

■ पुलिस परेड ग्राउंड पर विद्यार्थियों ने बनाई वृहद मानव कलाकृति

**बेधड़क** | भरतपुर

राजस्थान में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने वाली है। सभी राजनीतिक पार्टियां जिला निर्वाचन अधिकारी चुनाव की तैयारियों में जोर शोर के साथ जुट गए हैं।

भरतपुर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक रथ, रैली, नुक्कड़ नाटक जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। विधानसभा चुनाव में होने वाले मतदान के लिए जिला निर्वाचन विभाग द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड में लगभग 5 हजार विद्यार्थियों द्वारा 'वोट फॉर नेशन' थीम पर वृहद मानव कलाकृति का आयोजन किया गया। इस मौके पर नव-मतदाताओं को ईवीएम मशीन के माध्यम से मॉक पोल करवाकर मतदान प्रक्रिया की पूर्ण रूप से जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।




#### स्वीप कार्यक्रम आयोजित

जिला कलेक्टर लोकबंधु ने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है और जिसके लिए लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके लिए आज जिला निर्वाचन विभाग द्वारा मतदान करने के लिए जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 5 हजार विद्यार्थियों द्वारा 'वोट फॉर नेशन' थीम पर वृहद मानव कलाकृति का आयोजन किया। प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम भाग लिया है और मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने की शपथ ली। जिला निर्वाचन अधिकारी लोकबंधु ने बताया की आगामी विधानसभा आम चुनाव 2023 के मद्देनजर स्वीप अभियान के तहत आज बुधवार 8 बजे पुलिस परेड ग्राउंड में लगभग 5 हजार विद्यार्थियों द्वारा 'वोट फॉर नेशन' थीम पर वृहद मानव कलाकृति का आयोजन किया गया।

#### मतदान करने की शपथ ली

कार्यक्रम का आयोजन पुलिस परेड ग्राउंड में हुआ जहां हजारों लोगों व बच्चों ने मतदान करने व मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया। उसके बाद सभी लोग मतदान करने और मताधिकार के लिए लोगों को जागरूक करने की शपथ लेकर कार्यक्रम से विदा हुए। इससे पूर्व जिले में लोगों को इवीएम मशीन के प्रदर्शन से मतदान प्रकिया की जानकरी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित हुए।

#### एनसीसी-स्काउट गाइड हुए शामिल

स्वीप नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला परिषद दाता राम के अनुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत उक्त अभियान का उद्देश्य आमजन को मतदान का महत्व बताते हुए मताधिकार के प्रति जागरूक करना है। स्वीप कार्यक्रम के अभियान में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थीगण, एनसीसी, स्काउट, एनएसएस एवं सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने भाग लिया।



सीधे फील्ड से | बीकानेर संभाग की 18 सीटों पर बराबर की टक्कर की संभावना

# 'लाल झंडे' के इकलौते ठिकाने में किसान तय करेंगे हार-जीत



■ बीकानेर से श्याम मारू की रिपोर्ट

बेधड़क | बीकानेर

राजस्थान में नए जिलों के गठन ने राजनीतिक समीकरण बदल दिए हैं। संभाग में नए जिलों के शामिल होने और पुराने जिलों के दूसरे संभाग में जाने के बाद विभिन्न राजनीतिक पार्टियां भी उसी हिसाब से जमीन तैयार करने में लगी है। बीकानेर संभाग की बात करें तो इसमें पहले चार जिले बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू शामिल थे। हालांकि जिले तो अब भी चार ही हैं, लेकिन चूरू के सीकर जिले में शामिल होने के बाद नवगठित अनूपगढ़ जिला बीकानेर संभाग में शामिल किया गया है। बीकानेर संभाग के नए स्वरूप में विधानसभा की कुल 18 सीटें हैं, जबकि पहले कुल 24 सीटें थी। चूरू जिला अलग होने के साथ ही इसकी छह विधानसभा सीटें सीकर संभाग में चली गई। बीकानेर संभाग में पहले से शामिल तीन विधानसभा सीटों रायसिंह नगर, अनूपगढ़ और खाजूवाला को मिलाकर नया अनूपगढ़ जिला बनाया गया है।

## पानी की समस्या से मिली माकपा को 'जमीन'

*बीकानेर संभाग की कुल 18 सीटों में भाजपा और कांग्रेस की लगभग बराबर की टक्कर रही है। पिछले चुनाव की बात करें तो भाजपा को 8 और कांग्रेस को 7 सीटें मिली थी। मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी को 2 सीटें मिली और एक निर्दलीय ने जीत दर्ज की। पिछले चुनाव में मार्क्सवादी पार्टी ने चौंकाया था। श्रीडूंगरगढ़ में गिरधारी महिया और भादरा में बलवान पूनिया ने कम्यूनिस्ट पार्टी को जीत दिलाई। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी कम्यूनिस्ट जीतते रहे हैं। वर्ष 2013 में सिंचाई पानी को लेकर चले आंदोलन में पवन दुग्गल किसानों के नेता स्थापित हुए और उन्होंने अनूपगढ़ से मार्क्सवादी पार्टी को जीत दिलाई। दिग्गज नेता श्योपतराम, हेतराम, लालचंद आदि कम्यूनिस्ट पार्टी की नींवें मजबूत करते रहे।*



## इन नेताओं के इर्द-गिर्द घूमती है राजनीति

बीकानेर संभाग में यूं तो काफी कद्दावर नेता हैं लेकिन डॉ. बीडी कल्ला, देवीसिंह भाटी, रामेश्वर डूडी, अर्जुनराम मेघवाल, गोविंदराम मेघवाल, भंवर सिंह भाटी, गुरमीत सिंह कुन्नर, रामप्रताप कासनियां, भरत मेघवाल, सिद्धी कुमारी, कन्हैया लाल झंवर समेत अनेक दिग्गज नेता राजनीति के मोहरे बिछाने में माहिर हैं।

## सिंचाई का पानी सबसे बड़ा मुद्दा

बीकानेर संभाग में सबसे बड़ा मुद्दा सिंचाई के पानी का है। पर्याप्त पानी नहीं मिलने से उत्पादन में गिरावट आई है, और कहीं न कहीं किसान इस बात को लेकर नाराज भी हैं। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और अनूपगढ़ जिलों में नहरों में पर्याप्त पानी नहीं होने पर कई बार आंदोलन भी हुए हैं। बिजली भी पूरी नहीं आती। बीकानेर जिले में बड़ी संख्या में कृषि कुएं हैं। किसानों को बिजली नहीं मिलने से उनकी फसलें बरबाद हो रही हैं। इसके अलावा सही चकबंदी का मुद्दा उठता है। बीकानेर शहर में रेल फाटकों की समस्या पिछले पांच दशक से यथावत है। हर बार चुनावी मुद्दा बनता है, लेकिन समाधान आज तक नहीं हुआ। कुछ हद तक आधारभूत ढांचे और पर्याप्त विकास की मांग भी उठती रही है। हालांकि इस बार सड़कों के लिए काम करने का प्रयास किया गया लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी दुपहिया वाहन लेकर निकलना भी मुश्किल है।

## अभी ऐसी है संभाग की स्थिति

### बीकानेर जिला (कुज सीटें-6)

- 1-बीकानेर पश्चिम (सामान्य) डा. बी डी कल्ला कांग्रेस
- 2-बीकानेर पूर्व (सामान्य) सिद्धि कुमारी भाजपा
- 3-श्रीकोलायत (सामान्य) भंवर सिंह भाटी कांग्रेस
- 4-लूणकरनसर (सामान्य) सुमित गोदारा भाजपा
- 5- श्रीडूंगरगढ़ (सामान्य) गिरधारी महिया सीपीआई-एम
- 6-नोखा (सामान्य) बिहारी लाल बिश्नोई भाजपा

### श्रीगंगानगर (कुज सीटें-4)

- 1-सादुलशहर (सामान्य) जगदीश चन्द्र कांग्रेस
- 2-श्रीगंगानगर (सामान्य) राजकुमार गौड निर्दलीय
- 3-करणपुर (सामान्य) गुरमीत सिंह कुन्नर कांग्रेस
- 4-सूरतगढ़ (सामान्य) रामप्रताप कासनियां भाजपा

### हनुमानगढ (कुज सीटें-5)

- 1-संगरिया (सामान्य) गुरदीप सिंह भाजपा
- 2- हनुमानगढ़ (सामान्य) विनोद कुमार कांग्रेस
- 3- पीलीबंगा (अजा) धर्मेन्द्र कुमार भाजपा
- 4- नोहर (सामान्य) अमित चाचाण कांग्रेस
- 5- भादरा (सामान्य) बलवान पूनिया सीपीआई-एम

### अनूपगढ (कुज सीटें-3)

- 1-रायसिंह नगर (अजा) बलवीर लूथरा भाजपा
- 2-अनूपगढ़ (अजा) संतोष बावरी भाजपा
- 3- खाजुवाला (अजा) गोविंद राम मेघवाल कांग्रेस

## दो जिलों में एक भी एससी सीट नहीं

बीकानेर संभाग की कुल 18 सीटों में अब चार सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित रहेंगी। इनमें हनुमानगढ़ जिले की पीलीबंगा और अनूपगढ़ जिले की रायसिंह नगर, अनूपगढ़ और खाजूवाला सीटों पर अनुसूचित जाति का आरक्षण है। मजे की बात है कि नवगठित अनूपगढ़ की तीनों सीटें एससी के लिए आरक्षित हैं तो बीकानेर जिले और श्रींगंगानगर जिले में एक भी सीट एससी के लिए नहीं है।



बिहाइंड द कर्टेन

## आप बार-बार क्यों आते हो? पब्लिक सब जानती है

हाथ वाली पार्टी के भाई साहब पूछ रहे हैं- साहब आप बार-बार क्यों आते हो, जब भी आते हो दलबदलुओं की लिस्ट बाहर आ जाती है। दलबदल की यह लिस्ट तो आती रहेगी। चुनावी मौसम में बरसाती मेंढकों का सीजन आता है लेकिन भाई साहब की चिंता दूसरी है। दरअसल बंगाल से होते हुए दिल्ली तक पहुंचे साहब का भी राजनीतिक इतिहास रहा है। साहब आते हैं, तो यादें ताजा करने में लग जाते हैं। साहब का राजनीतिक जीवन भी उसी इलाके में बीता है जहां फूल के पौधे बमुश्किल ही अब तक लगे हैं। अब जब भी साहब आते हैं तो हाथ वाली बगिया से कुछ फूल सरदार पटेल मार्ग तक भेजे जाते हैं। अभी ऐसे कुछ और फूलों को सरदार पटेल मार्ग भेजे जाने की चर्चा है। बस यही चिंता भाई साहब को खाए जा रही है। भाई साहब राजनीति के शातिर खिलाड़ी माने जाते हैं। हर तरह का इनपुट उनके पास रहता है। हाल ही में एक नेत्री और नेता के हाथ वाले कुनबे से पलायन की पटकथा के पीछे भी साहब का प्रभाव सामने आ रहा है। इस लिए भाई साहब को बोलना पड़ रहा है, साहब आप क्यों आते हो, वो भी बार-बार, पब्लिक सब जानती है।

■ यायावर

थड़ी पॉलीटिक्स




## कोई नेता आए कोई जाए हमें तो रोज कुआं खोदना है, रोज पानी पीना है

**स्थान** साहू रेस्टोरेंट, चौड़ा रास्ता, जयपुर | **समय** दोपहर 11:30

*इनका बस चले तो ये पार्षद के चुनाव में भी चक्कर काटते फिरें। अरे जहां चुनाव हो रहा है वहां के नेताओं को बताने दो ना कि उन्होंने कितना काम किया है, बस ये रोजाना यहां आ जाएंगे और हम ट्रैफिक में फंसते रहें।" मौसम में बहुत हल्की सी ठंडक और दिन की धूप में सर्दियों की आहट ले कर आ रही हल्की सी छांव के दौर में शहर के चौक-चौराहों पर चुनावी चर्चाओं का दौर जारी है। चाय की चुस्कियों के साथ चर्चाओं का ऐसा ही दौर चौड़ा रास्ता में साहू रेस्टोरेंट पर जमी मंडली में देखने को मिला। हम जब यहां पहुंचे तो दो-तीन युवा खड़े हुए अपने मोबाइल्स में डूबकर चाय पी रहे थे। किसी एक ने सोशल मीडिया पर जैसे ही वीआईपी मूवमेंट के कारण ट्रैफिक जाम की फोटो देखी, उसके भीतर काफी देर से कुलबुला रहा गुब्बारा फट पड़ा- "पांच साल तो इन्होंने शक्ल नहीं दिखाई। जिस स्टेट में चुनाव होते हैं, उसी की प्रोब्लम क्यों दिखने लग जाती हैं इनको, और वो भी चुनाव से 3-4 महीने पहले ही दिखती हैं।" एक हाथ में चाय का कप और दूसरे में फोन थामे ग्रामीण से दिखने वाले युवक ने जैसे ही शहर में चल रहे केंद्रीय मंत्री के मूवमेंट को आड़े हाथों लिया, सामने ही चाय की चुस्की ले रहे दूसरे युवक की जैसे कोई नस दब गई- "तो चार दिन पहले ही राजकुमार जी भी तो आकर गए हैं, उसके बारे में भी कोई विचार बता दो। उनको भी तो चुनाव के टाइम ही सारे करतब याद आ रहे हैं।" पतीली से ग्लास में चाय डाल रहे रेस्टोरेंट संचालक के होठों पर दोनों की बात सुनकर हंसी आ गई लेकिन वह कुछ बोला नहीं। उसकी कमी रेस्टोरेंट पर काम करने वाले कर्मचारी ने पूरी कर दी- "कोई भी नेता जी आएं हमें तो रोजाना कुंआ खोदना है रोजाना पानी पीना है। बस तमाशा चल रहा है और उसके मजे ले रहे हैं। सब 'गारंटी' दे रहे हैं पर इसका कोई फायदा मुझे तो दिख नहीं रहा।" जिसने बात शुरू की थी उसकी चाय खत्म हो गई है। जाने की तैयारी है। आखिरी घूंट लेकर चाय के खाली कप को डस्टबिन में डालते हुए उसने अपनी बात भी खत्म करते हुए कहा- "अरे यार, चुनाव होने के बाद फिर वो ही हालत होनी है। अभी तो इस मौसम का मजा लो, इससे ज्यादा अपन कुछ नहीं कर सकते।" इसके साथ ही यह मंडली भंग हुई और सब अपने अपने रास्ते निकल पड़े। हां, रेस्टोरेंट संचालक को फिर अगली मंडली का इंतजार है, जो गरमा-गरम बहस का नया टॉपिक लाएगी।*

■ नरेन्द्र शर्मा

ई वॉर





चुनावी सरगर्मियों के बीच खुले मंचों पर तो नेता एक दूसरे पर हमला कर ही रहे हैं, सोशल मीडिया का बाजार भी इन दिनों नेताओं के बयानों की 'मंडी' बना हुआ है। इस कॉलम में हम पाठकों से नेताओं की सोशल मीडिया एक्टिविटी साझा करेंगे।




पॉली टून




पॉली क्लिक्स




### अब तो आप बोलो- हम सुनेंगे

*चौमूं में बागवानों के साथ संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस महिला से शायद यही कह रहे हैं। मुख्यमंत्री इन दिनों प्रदेश के मैराथन दौरे पर हैं और जगह जगह लोगों से संवाद कायम कर रहे हैं।*

इतिहास के झरोखे से

# कभी 'टिन के डिब्बों' में कैद होते थे नेताओं के भाग्य, अब EVM कर्ता धर्ता



■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

मध्यप्रदेश के विभाजन के बाद राजस्थान भौगोलिक दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा प्रान्त बन चुका है। स्वाधीनता और भारत विभाजन के समय राजस्थान की देशी रियासतों के एकीकरण की कहानी तो पुरानी हो गई। हिमालय से भी उन्नत अरावली पर्वतमाला ने राजस्थान को मुख्यतः दो हिस्सों में विभक्त किया हुआ है। इस प्रांत का एक बड़ा भूभाग थार मरुस्थल के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है। पहले राजस्थान और




अब इंदिरा नहर तथा प्राकृतिक तेल रिफायनरी का सपना साकार होते देखने वाले मतदाता के लिए वर्ष 1951-52 में राजस्थान विधानसभा के पहले चुनाव के लिए मतदान के नजारे से रू-ब-रू होना रोचक होगा।

जयपुर में रियासत की प्रमुख इमारत हवामहल के निकट बने टाउनहॉल को राजस्थान की पहली विधानसभा होने का गौरव मिला। इस सदन में प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवारों का चुनाव मतदाताओं को करना था। जहां टाइपराइटर मशीन के लिए लाइसेंस लेना होता था वहां चुनाव में वोट डालने के प्रति उत्सुकता स्वाभाविक थी तो फिर भी कुछ इलाकों में महिलाओं के दल परम्परागत गीत गाते हुए वोट डालने पहुंचे। तब मताधिकार के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष थी। पहली विधानसभा के लिए 616 प्रत्याशियों ने भाग्य आजमाया, 140 सीटों के लिए विधायक चुने गए। ये चुनाव भी अजीबोगरीब था। मतदाता पहले अपने इच्छुक प्रत्याशी की मतपेटी ढूंढता फिर उसमें वोट डालता।

18 वर्षीय मतदाता अब ईवीएम का बटन दबाने का अभ्यस्त हो गया है। इससे पहले लम्बे लम्बे मतपत्र पर अपने प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह और नाम ढूंढने की मशक्कत करनी होती थी। पहले चुनाव में मतपत्र का आकार एक रुपए के नोट के बराबर हुआ करता था जिस पर अशोक चिह्न अंकित होता था। मतदान केंद्र पर उम्मीदवारों की अलग अलग मतपेटी होती थी। मतपेटी के बाहर चिह्न और नाम चस्पां होता था। अंदर भी नाम की पर्ची रहती थी। मतदाता मतपत्र पर क्रॉस लगाकर अपने प्रत्याशी की मतपेटी में डालता। मतपेटी सील होती। मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया जाता।

### विषवमन, न तो हिंदू संस्कृति है ना हिंदुस्तानी

# संसद में 'माननीय' के 'जहरीले' बोल



**निर्मल रानी**
स्वतंत्र लेखिका

भारतीय संसद का नवनिर्मित भवन पिछले दिनों स्वतंत्र भारत के इतिहास के उस सबसे दुर्भाग्यशाली क्षण से रूबरू हुआ जब भारतीय जनता पार्टी के एक 'माननीय' ने मुस्लिम समुदाय के एक विपक्षी सांसद कुंवर के दानिश अली के विरुद्ध कुछ ऐसे आपत्तिजनक व सांप्रदायिकतावादी शब्द बोल डाले जिसकी किसी सांसद से तो दूर की बात है किसी गंभीर, संवेदनशील व सभ्य व्यक्ति से भी उम्मीद नहीं की जा सकती।

उस 'माननीय' ने केवल अपमानजनक टिप्पणी ही नहीं की बल्कि उसने अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश अली को सदन के बाहर देख लेने की धमकी भी दी। यानी गुंडागर्दी के पूरे 'दर्शन' भी उस सांसद के जहरीले बोल में सुनाई दिए। इस तरह की अति आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले रमेश बिधूड़ी नामक दक्षिण दिल्ली के इस सांसद की न केवल विपक्ष बल्कि उसकी अपनी पार्टी के लोगों द्वारा भी आलोचना की गई। यहां तक कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को उसके इस घोर आपत्तिजनक बयान के लिए गोल मोल शब्दों में ही सही परंतु उन्हें खेद व्यक्त करना पड़ा?

> "उस 'माननीय' ने केवल अपमानजनक टिप्पणी ही नहीं की बल्कि उसने अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश अली को सदन के बाहर देख लेने की धमकी भी दी। यानी गुंडागर्दी के पूरे 'दर्शन' भी उस सांसद के जहरीले बोल में सुनाई दिए। इस तरह की अति आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले रमेश बिधूड़ी नामक दक्षिण दिल्ली के इस सांसद की न केवल विपक्ष बल्कि उसकी अपनी पार्टी के लोगों द्वारा भी आलोचना की गई।"

भाजपा ने भी बिधूड़ी को इस आपत्तिजनक बयान के लिए नोटिस जारी किया और 15 दिनों में इसका जवाब देने को कहा। पार्टी ने बिधूड़ी से पूछा कि क्यों न संसद में उसके इस आचरण के खिलाफ उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए? यहां तक कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने भी इस भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी को 'गंभीर कार्रवाई' की चेतावनी दी। परंतु उस सांसद के जहरीले विचारों से मेल खाने वाले कुछ नेता और सांप्रदायिकतावादी स्वयं-भू पत्रकार ऐसे भी हैं जो उसकी पैरवी भी कर रहे हैं और उसके इस विष-वमन को सही ठहरा रहे हैं। इस घटना ने पूरे देश के गंभीर, शांतिप्रिय व राष्ट्रवादी लोगों को झकझोर कर रख दिया है। बिधूड़ी के उस आपत्ति जनक बयान के बाद जिसका उल्लेख करना तक यहां मुनासिब नहीं, कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। पहला तो यह कि क्या यह घटना देश की संसद में ऐसे अभद्र, अशिष्ट, संसद व लोकतंत्र के मंदिर का घोर अपमान करने वाले और अपराधी प्रवृत्ति के लोगों की पनाहगाह बनने का ही परिणाम है? जिस सदन में पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर, लालबहादुर शास्त्री, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे अनेकानेक सभ्य, सुशील, सज्जन, शिष्ट व विनीत लोग सदस्य हुआ करते थे, जिनकी बोल वाणी के विपक्षी लोग भी कायल हुआ करते थे। क्या आज वही सदन जहरीले बोल बोलने व सांप्रदायिक घृणा फैलाने व धमकाने व गुंडागर्दी करने वाली टिप्पणियां करने का केंद्र बन गया है? यह सवाल भी पूछा जा रहा है कि कोई सांसद दुर्व्यवहार की सभी सीमाएं पार कर जाने का ऐसा साहस आखिर लाता कहां से है? क्या उसे उसकी पार्टी या शीर्ष नेताओं से शह मिली हुई है? क्या यह उसके दलीय राजनीतिक व सामाजिक संस्कारों का परिणाम है? क्या वह समझता है कि ऐसे बोल बोलने से उसकी 'पदोन्नति' हो सकती है? क्या वह ऐसे बयान देकर अपने समुदाय का हीरो बनना चाहता है? और इससे भी बड़ी चिंता की बात यह भी है कि जिस समय यह सांसद लोकसभा में जहरीले बोल बोल रहा था, उस समय उसी की पार्टी के कई बड़े नेता इतनी घोर आपत्तिजनक बातों पर आपत्ति करने या चिंतित होने के बजाए उसकी बातों पर खिलखिला कर हंस रहे थे ? पहले इस तरह के अपशब्द तथा सांप्रदायिक व जातिसूचक गालियां गलियों या चौराहों पर होने वाले लड़ाई झगड़ों तक ही सीमित हुआ करती थीं, परंतु धीरे-धीरे यह सांप्रदायिकतावादियों की भीड़ और उनकी स्टेज तक पहुंचीं। यहां तक कि संसद के कुछ ही दूर जंतर मंतर पर होने वाली तथाकथित धार्मिक सभाओं में खुले आम एक समुदाय को गलियां और धमकियां दी जाने लगीं। चाकू की धार तेज कर रखने की अपील की जाने लगी। बंदूकें व तलवारें रखने की सरेआम अपील की जाने लगी। देश का सर्वोच्च न्यायालय अनेक बार इस तरह की जहरीली भाषणबाजियों पर रोक लगाने के निर्देश देता रहा, परंतु सरकार व पुलिस द्वारा इन तत्वों के विरुद्ध न तो कोई कार्रवाई की गई ना ही इन्हें रोकने के लिए सत्ता प्रतिष्ठानों की तरफ से कोई सख्त निर्देश जारी किए गए। इसके बजाए जब एक केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिल्ली में भीड़ से 'गोली मारो ...को' जैसे नारे लगावाए तो कुछ ही समय बाद उनकी पदोन्नति कर दी गई। इसी तरह बंगलुरु के सांसद ने जब समुदाय विशेष के विरुद्ध कई बार आपत्तिजनक बातें कीं। यहां तक कि खाड़ी के कई देशों की ओर से भी उसके जहरीले बयानों पर भारत सरकार को अपनी आपत्ति दर्ज कराई गई। उसके बावजूद उसके विरुद्ध कार्रवाई करनी तो दूर उसे भाजपा की युवा शाखा का राष्ट्रीय प्रमुख बना दिया गया। इस तरह के और भी कई उदाहरण हैं। विष-वमन करने वाला यही वर्ग अब तो सरेआम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भी गालियां देता फिरता है और उनके हत्यारे गोडसे का महिमामंडन करता रहता है। इसमें क्या संदेह है कि ऐसे तत्वों पर सरकार द्वारा नकेल न कसना और उल्टे उन्हें पदोन्नत करना ही आज इस देश को उस स्थान पर ले आया है, जहां स्वयं को 'माननीय' कहलाने वाला एक सांसद खुले आम संसद के नए भवन में खड़ा होकर इतनी अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहा है ? क्या उसका यह बयान नए संसद भवन के भविष्य के खतरनाक इरादों को परिलक्षित करता है? अक्सर सुनने में आता है कि इसी 'विषाक्त' जमाअत के लोग खासकर राहुल गांधी पर यह कहते हुए हमलावर रहते हैं कि वे विदेशों में बैठकर ऐसे बयान देते हैं जिससे देश की बदनामी होती है। क्या वह बता सकते हैं कि संसद में ऐसी घटिया व सांप्रदायिकतावादी टिप्पणी करने वाले उनके सांसद के इस घोर आपत्तिजनक सांप्रदायिकतावादी बयान से देश का नाम रोशन हुआ है? क्या इससे संसद के नए भवन की गरिमा में चार चांद लगे हैं ?



> *संसद में ऐसे अभद्र, अशिष्ट, संसद व लोकतंत्र के मंदिर का घोर अपमान करने वाले और अपराधी प्रवृत्ति के लोगों की पनाहगाह बनने का ही परिणाम है? जिस सदन में पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर, लालबहादुर शास्त्री, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे अनेकानेक सभ्य, सुशील, सज्जन, शिष्ट व विनीत लोग सदस्य हुआ करते थे, जिनकी वाणी के विपक्षी लोग भी कायल हुआ करते थे। क्या आज वही सदन जहरीले बोल बोलने व सांप्रदायिक घृणा फैलाने और धमकाने तथा गुंडागर्दी करने वाली टिप्पणियां करने का केंद्र बन गया है?*

यह वह भारतवर्ष है जहां की बहुसंख्यक हिंदू आबादी रोजाना दिन में दो बार मंदिरों में की जाने वाली आरती में प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो जैसी सर्वहितकारी और विश्व बंधुत्व वाली बातें दोहराती है। कट्टरपंथी सोच व हिंसा द्वारा और धर्म विशेष को गालियां देकर विश्व बंधुत्व के भारतीय संकल्प को कैसे साकार किया जा सकता है। ऐसे लोग समग्र वास्तविक राष्ट्रवादी भारतवासियों को कतई अस्वीकार्य हैं। क्योंकि विष-वमन, न तो हिंदू संस्कृति है ना हिंदुस्तानी।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

### व्यंग्य

## शादियों में गाइड की जरूरत



**यशवंत गोरे**
व्यंग्यकार

आम आदमी पार्टी के सोशल मीडिया को हम बहुत दिनों से फॉलो करते हैं। एक दिन हमें उनकी पार्टी के सांसद की शादी का निमंत्रण देखने को मिला हमने सोचा शायद हमें भी यह निमंत्रण भेजा है। कुछ सोशल मीडिया विशेषज्ञ मित्रों से सलाह लेने पर उन्होंने सलाह दी की हमें इस शादी में जाना चाहिए। इस निमंत्रण की चर्चा हमने दिल्ली में हमारे एक शराब कारोबारी मित्र से भी की, उसने कहा निश्चिंत होकर जरूर जाइये। आने -जाने के खर्च की चिंता बिलकुल न करें , मैं आपका हवाई जहाज के टिकट बुक कर देता हूं। हम बड़े प्रसन्न थे। हमें निमंत्रण भी शायद इसलिए भेजा होगा कि हम पढ़े -लिखे हैं , हमारे पास ग्रेजुएट और कानून की दो-दो डिग्रियां है। पार्टी ने जब 'डिग्री दिखाओं'अभियान चलाया था तब हमने भी अपनी डिग्रियां सार्वजनिक की थी। शादी में जाने की तैयारी शुरू की। पिछले साल ही सिलवाए सूट को प्रेस करके तैयार किया। एक नीली हाफ शर्ट और पतलून साथ में एक जोड़ी सेंडल भी अलग से रख ली। शादी में जाने की तैयारी के बीच इस बहुचर्चित शादी के बारे में और उनके भावी वैवाहिक जीवन के बारे में सोच रहे थे। इस शादी के बाद आम आदमी पार्टी को भविष्य में होने वाले चुनाव के लिए एक स्टार प्रचारक मिल जाएगा। दूसरे नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक, 2023 पारित होने के बाद एक महिला उम्मीदवार भी तैयार हो सकती है। सांसद दूल्हे राजा को शादी के बाद राजनीति रास नहीं आती है या आम आदमी पार्टी से पूर्व में निकले नेताओं की तरह इनको भी पार्टी से बाहर कर दिया तो बॉलीवुड को एक अच्छा हीरो भी मिल सकता है।

शादी समारोह में तय समय पर जिस होटल में आयोजित था, पहुंच गए। सिक्योरिटी चेक वालों ने हमारी डिग्री चेक की, जो हमने अपने मोबाइल की गैलरी में सेव कर रखी थी, देखी और रिसेप्शन पर रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए। सूट-बूट में होने के कारण रिसेप्शनिस्ट ने हमसे पूछा- बाय द वे , आप लड़की वालों की तरफ से है या लड़के वालों की तरफ से? हमने जवाब दिया ' दोनों तरफ से मान सकते हो' हम आम आदमी पार्टी के सोशल मीडित फॉलोअर है और वही से हमें निमंत्रण मिला है। लड़की वालों की तरफ से इसलिए मान सकते हो कि दुल्हन और उनकी बहन प्रियंका के हम बहुत बड़े फेन है , उनकी हर फिल्म हमने देखी है। इस शादी के बहाने उनसे मुलाकात हो सकती है।

रिसेप्शनिस्ट ने हमसे दूसरा प्रश्न किया - क्या आपको गाइड चाहिए ? हमने चौंककर कहा ' मैडम, हम शादी में आये है , किसी हेरिटेज टूरिज्म पर नहीं' शादी में गाइड क्या का काम? उसने बड़ी नम्रता से कहा ' सर, यह नया कंसेप्ट है' यह एक हाई प्रोफाइल शादी है। आपको एक गाइड दिया जाएगा, वह आपकी मदद करेगा। आपको बताएगा कि लड़के वाले कौन है, लड़की वाले कौन। शादी में कौन -कौन सी मिठाई बनाई गई है। किस चीज से बनी है। इसे कैसे और किसने बनाया है, यह देश में किस जगह ज्यादा पसंद की जाती है? सभी तरह के सूप रखे गए है, आप कौन सा पसंद करते है ? कौन -कौन सी सब्जियां रखी गई है। कितनी तरह की दालें है। खाने के अलावा और किन-किन चीजों के स्टॉल लगे हैं और किस तरफ लगे हैं , इसमें आपके पसंद के कौन से है। बिना लाइन में लगे आपको तंदूरी रोटी या बिना घी लगी रोटी यदि आप खाना पसंद करते हैं तो वह आपको ला कर देगा। आइसक्रीम के लिए लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। अगर गाइड आपके साथ नहीं रहेगा तो आप कुछ भी खाकर चले जाएंगे। आपकी पसंद की चीजें आपको नहीं मिल पाएगी। इस शादी में बहुत सारे वीवीआईपी और वीआईपी लोग आए हैं , हो सकता आप उन्हें नहीं जानते हो तो हमारा गाइड आपको उनके बारे में बताएगा। आप चाहेंगे तो उनसे आपको मिलवा भी देगा। कुछ बड़े सेलिब्रिटी भी इस शादी में आएंगे , आखिर शादी भी तो दो सेलीब्रिटी की है। उनके साथ आप सेल्फी लेना चाहते हैं तो उसकी व्यवस्था भी हमारा गाइड कर देगा।

स्टेज डेकोरेशन के बारे आपकी जानने की उत्सुकता रहेगी। इसके बारे में कि सजावट में कितने फूल लगे है ? कहां से लाए हैं ? किसने की है? दुल्हन का लहंगा और दूल्हे के कपड़े किसने डिजाइन किए हैं और कितने खर्च हुए, दुल्हन का मेकअप किसने किया? यह सभी जानकारी आप चाहेंगे को मिल जाएगी। वैसे स्टेज पर दूल्हे-दुल्हन से मिलने की सबको अनुमति नहीं है, पर आपके शगुन के लिफाफे या आपकी गिफ्ट पर डिपेंड करेगा कि आपको स्टेज पर जाना है या नहीं। यदि आप शगुन का लिफाफा बचाना चाहते हैं तो उसका भी तरीका हमारा गाइड आपको बता देगा। कुछ क्षण विचार कर हमने आखिर गाइड लेने का फैसला कर लिया।

### सैन्य तैनाती पर स्पष्टीकरण तर्कसंगत नहीं

## भारत-चीन संबंध सामान्य नहीं हैं: एस जयशंकर

**न्यूयार्क।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां कहा कि 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद से भारत और चीन के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं और संभवतः ये मसला अपेक्षा से ज्यादा लंबा खिंच सकता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जोर देते हुए कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अपने सैनिकों को इकट्ठा करने के लिए चीन द्वारा दिया गया कोई भी स्पष्टीकरण वास्तव में तर्कसंगत नहीं है। ज्ञात रहे कि भारत लगातार कह रहा है कि पूर्वी लद्दाख से लगती सीमा पर हालात सामान्य नहीं है एवं एलएसी पर शांति एवं सौहार्द दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने के लिए अहम है। विदेश मंत्री ने कहा, ऐसे देश के साथ सामान्य होने की कोशिश करना बहुत कठिन है जिसने समझौते तोड़े हैं।

### लंदन के दौरे पर धामी

*लंदन। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ब्रिटेन के चार दिवसीय दौरे पर हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इन दिनों ब्रिटेन की यात्रा पर हैं। धामी इन्वेस्टर्स समिट की बैठक में शामिल होने के लिए लंदन गए हैं। उन्होंने मंगलवार शाम लंदन में एक रोड शो कार्यक्रम में भाग लिया।*




फोटो: पीटीआई


### नॉलेज कॉर्नर: महज आठ वर्ष की अवस्था में 'शंकराचार्य' ने किया संन्यास ग्रहण

# शंकराचार्य की 108 फीट की ऊंची प्रतिमा

दुनियाभर में भारत को विश्व गुरु के तौर पर जाना जाता है। इसके पीछे मूल कारण भारत की संस्कृति और सनातन धर्म का पालन करना माना जा सकता है। इस देश में कई ऐसे महान गुरु हुए जिन्हें न सिर्फ भारत में बल्कि विश्वभर में जाना जाता है। ऐसे ही एक गुरु हैं जगतगुरु आदि शंकराचार्य, जिन्हें महान दार्शनिक के तौर पर भी जाना जाता है। उनके द्वारा भगवद्गीता और उपनिषदों पर लिखी गई टिकाएं पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। फिलहाल देशभर में गुरु शंकराचार्य की काफी चर्चाएं चल रही है, और इसका कारण मध्यप्रदेश में बनवाई गई प्रतिमा है। दरअसल हाल ही में मध्यप्रदेश के इंदौर में आदि शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया है। अब मध्यप्रदेश आने वाले पर्यटकों के लिए एक और पर्यटन का केंद्र बन गया है। मगर सवाल यह उठता है कि आखिर इंदौर में ही उनकी प्रतिमा क्यों बनाई गई, इसी को लेकर विस्तार से आज के कॉर्नर में जानेंगे।

### कौन थे आदि शंकराचार्य

आदि शंकर के नाम से भी आदि शंकराचार्य को जाना जाता है। उनका जन्म 788 ईस्वी में केरल में कालड़ी में हुआ था, इसे 'काषल' गांव के नाम से भी जाना जाता है। वे भारत के एक महान दार्शनिक तथा धर्मप्रवर्तक थे। अद्वैत वेदांत को ठोस आधार प्रदान करने में उनका बहुत सहयोग रहा। इसके अलावा भगवद्गीता, उपनिषदों और वेदांतसूत्रों पर भी उन्होंने टीकाएं लिखी, जो कि विश्व भर में बहुत प्रसिद्ध है। उन्होंने भारत में अलग-अलग स्थानों पर चार मठों की स्थापना की, ये मठ वर्तमान समय में भी बहुत प्रसिद्ध और पवित्र माने जाते हैं। ये चारों स्थान ज्योतिष्पीठ बदरिकाश्रम, श्रृंगेरी पीठ, द्वारिका शारदा पीठ तथा पुरी गोवर्धन पीठ है। उस समय शंकराचार्य का इतना प्रभाव था कि अन्य धर्मों के लोगों को भी उन्होंने अपने धर्म में दीक्षित किया था। उन्हें भगवान शंकर का अवतार माना गया। महज 32 वर्ष की अल्प आयु में केदारनाथ के पास वे परलोक सिधार गए थे।



### प्रतिमा को दिया स्टेच्यू ऑफ वननेस का नाम

जगतगुरु आदि शंकराचार्य की 108 फीट की ऊंची प्रतिमा को स्टेच्यू ऑफ वननेस का नाम दिया गया। इसका अनावरण तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी के किनारे किया गया। इसके पीछे खास कारण यह है कि चौथे ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रसिद्ध ओंकारेश्वर में शंकराचार्य ने दीक्षा प्राप्त की थी। यहां वे अपने गुरु गोविंद भगवत्पाद से मिले, इसके बाद उन्होंने 4 वर्ष तक यहां विद्या प्राप्त की। यह प्रतिमा पूरे विश्व में सबसे बड़ी आचार्य शंकर की प्रतिमा है। शंकराचार्य ने 8 से 12 वर्ष की आयु तक ओंकारेश्वर में अपना अमूल्य समय बिताया और ज्ञान प्राप्त किया। वे महज 8 वर्ष की उम्र में केरल से ओंकारेश्वर आ गए थे।

### आदि शंकराचार्य की मुख्य बातें

*माता-पिता की शिव की आराधना के बाद शंकराचार्य पैदा हुए थे। उन्हें तीन वर्ष की उम्र में उनके सिर से पिता का साया उठ गया था। इसके बाद वे छह वर्ष की अवस्था में प्रकांड पंडित हो गए थे। आठ वर्ष की अवस्था में उन्होंने संन्यास ग्रहण किया। काशी में जीवन के कुछ पल बिताए।*


कंटेंट: सुप्रिया सरकार



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
मध्य प्रदेश में एक 12 साल की बच्ची के साथ हुआ भयावह अपराध, भारत माता के हृदय पर आघात है।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
किसान और बागवान नं 1 बनाएंगे राजस्थान, मिशन 2030 हेतु कृषि व बागवानी की आवश्यकताओं, अपेक्षाओं, विचारों व सुझावों को संकलित करने के लिए किसानों व बागवानों से संवाद किया।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
दूसरों की सलाह (हमारे कल्याण के सर्वोत्तम इरादे से दी गई) सुनने में, आइए अपनी आंतरिक आवाज़ को सुनना न भूलें। आख़िरकार, हमें ही अपना जीवन जीना है।

## मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव: अखिलेश यादव की रीवा में चुनावी सभा, सियासी संघर्ष तेज होने के आसार

# सपा ने भी फूंका चुनावी शंख, विंध्य अंचल की सीटों पर टिकी है नजर

एजेंसी | भोपाल

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी संघर्ष तेज हो गया है। भाजपा अभी तक प्रत्याशियों की तीन सूची जारी कर चुकी है और कई दिग्गज नेताओं को टिकट देकर चुनावों को दिलचस्प मोड दे चुकी है।

वहीं बुधवार को समाजवादी पार्टी ने भी मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनावों के लिए हुंकार भरी। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बुधवार को भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय और ज्योतिरादित्य सिंधिया पर सियासी प्रहार किया।



समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को मध्य प्रदेश के रीवा में रैली की। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम का यह पहला चुनावी दौरा है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार रीवा मध्य प्रदेश के विंध्य अंचल का हृदय स्थल है और पिछले विधानसभाच चुनाव में भाजपा ने विंध्य अंचल में शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे में सपा प्रमुख ने यहां रैली कर भाजपा के सियासी गणित में सेंध लगाने का प्रयास किया है। सपा ने अभी तक सात सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित किए हैं जिनमें रीवा जिले की सिरमौर सीट भी शामिल है जहां से सपा ने लक्ष्मण तिवारी को अपना प्रत्याशी बनाया है। अखिलेश ने अपनी रैली में महंगाई, बेरोजगारी और जातिगत जनगणना जैसे मुद्दे को लेकर भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

### विजयवर्गीय ने अपनी उम्मीदवारी पर फिर जताया अचंभा

**इंदौर।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने मध्यप्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी द्वारा उन्हें उम्मीदवार घोषित किए जाने पर एक बार फिर अचंभा जताया है। भाजपा नेता ने कहा कि उन्हें अपने उम्मीदवार बनने पर अब भी विश्वास नहीं हो रहा है। विजयवर्गीय ने इंदौर में मंगलवार रात भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, मुझे अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि



मैं उम्मीदवार हूं। मैं आपसे सच कह रहा हूं। मुझे लग ही नहीं रहा है कि मुझे टिकट मिल गया और मैं उम्मीदवार बन गया हूं। उन्होंने कहा कि उनकी चुनाव लड़ने की एक प्रतिशत भी इच्छा नहीं थी।

#### कांग्रेस ने किया कटाक्ष

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता नीलाभ शुक्ला ने कहा, लगता है कि भाजपा के बड़े नेताओं की अंदरूनी खींचतान के चलते विजयवर्गीय को उनकी इच्छा के विरुद्ध चुनावी समर में धकेल दिया गया है। विजयवर्गीय जैसे वरिष्ठ नेता को विधानसभा चुनावों में उम्मीदवार बनाया जाना ऐसा ही है, जैसे पुलिस थाने के किसी प्रभारी को पदावनत कर हवलदार बना दिया जाए।

### दिग्विजय सिंह ने साधा ज्योतिरादित्य पर निशाना



पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह बुधवार को बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचे, जहां उन्होंने चांदी द्वार से भगवान महाकाल का पूजन-अर्चन किया। बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद उन्होंने बिना नाम लिए ज्योतिरादित्य सिंधिया पर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि जो बिकने वाले थे, बिक गए अब कांग्रेस में बिकने वाला कोई नहीं है। सिंधिया कहीं से भी चुनाव लड़ें पार्टी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। दिग्विजय सिंह ने मीडिया से कहा कि मध्यप्रदेश में 20 वर्षों से भाजपा की सरकार है। इस दौरान सिर्फ 15 महीने कांग्रेस की सरकार रही। इस दौरान भाजपा ने किसी वर्ग के लिए कुछ नहीं किया। अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति की जमीन छीन ली गई उन पर अत्याचार किया गया और उनके पट्टे कैंसिल कर उनकी जमीनों पर अधिकार समाप्त कर दिया गया। दिग्विजय सिंह ने कैलाश विजयवर्गीय के चुनाव लड़ने की इच्छा न होने संबंधी बयान पर कहा कि विजयवर्गीय को पार्टी को मना कर देना चाहिए था।

### तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर बुखार से पीड़ित



**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पिछले एक सप्ताह से वायरल बुखार से पीड़ित हैं और उन्हें खांसी भी है। उनके पुत्र एवं मंत्री के. टी. रामा राव ने कहा कि उनकी सेहत में सुधार हो रहा है। रामा राव ने मंगलवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव का उनका चिकित्सा दल उनके घर पर ही इलाज कर रहा है और उनके स्वास्थ्य पर करीबी नजर रखी जा रही है। भारत राष्ट्र समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रामा राव ने कहा, चिकित्सकों के अनुसार कुछ ही दिन में वह स्वस्थ हो जाएंगे और सामान्य तरह से कामकाज करने लगेंगे।

### किसानों व मजदूरों के सम्मेलन में शामिल होंगे खरगे

**रायपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे गुरुवार को छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में किसानों और मजदूरों के सम्मेलन में शामिल होंगे। अधिकारियों ने बताया कि जिले के भाटापारा शहर में दोपहर करीब 12 बजे आयोजित होने वाले कृषक-सह-श्रमिक सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मौजूद रहेंगे। पिछले दो महीनों में खरगे की यह छत्तीसगढ़ की तीसरी यात्रा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले इस राज्य में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। सम्मेलन में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 24.52 लाख किसानों के बैंक खातों में 1895 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी का गुजरात दौरा: राज्य को दी कई सौगात, कहा...

# महिलाओं को जाति व धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश

एजेंसी | वडोदरा/अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उनका लक्ष्य भारत को वैश्विक विकास का इंजन बनाना है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि देश जल्द ही दुनिया की आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरेगा। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण विधेयक को तीन दशक तक रोके रखा और जब यह विधेयक पारित हो गया है तो वे महिलाओं को जाति एवं धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने बुधवार को अपने गुजरात प्रवास के दूसरे दिन अहमदाबाद में 'वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन' के 20 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए तथा बडोदरा में भाजपा की ओर से आयोजित एक धन्यवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम महिला आरक्षण विधेयक के संसद के दोनों सदनों में पारित होने पर आयोजित किया गया था।



#### भारत दुनिया की तीन शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा

पीएम ने कहा, यह मोदी की गारंटी है कि अब से कुछ वर्षों में, आपकी आंखों के सामने, भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। उन्होंने देश के उद्योग जगत से अपील की कि वे उन क्षेत्रों के बारे में सोचें जहां भारत नयी संभावनाएं तलाश सकता है या खुद को मजबूत कर सकता है और कैसे वाइब्रेंट गुजरात इस मिशन को गति दे सकता है।

#### मेरी सरकार ने लाखों बेटियों को मकान मालिक बनाया

**बोडेली।** प्रधानमंत्री मोदी आदिवासी बहुल छोटा उदयपुर जिले के बोडेली शहर में शिक्षा क्षेत्र से संबंधित 4,500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं सहित 5,000 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। उन्होंने कहा , उनके नाम पर कोई घर नहीं है, लेकिन उनकी सरकार ने देश की लाखों बेटियों को घर का मालिक बना दिया।

#### बीस साल पहले बोए थे वाइब्रेंट गुजरात के बीज

इससे पहले अहमदाबाद में 'वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन' के 20 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने 20 साल पहले 'वाइब्रेंट गुजरात' के छोटे-छोटे बीज बोए थे और आज यह एक बड़े पेड़ के रूप में विकसित हो गया है। वर्ष 2014 में जब मुझे देश की बागडोर सौंपी गई तो मेरा लक्ष्य भारत को वैश्विक वृद्धि का इंजन बनाना था। इस कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के अध्यक्ष सी आर पाटिल भी मौजूद थे।

## ओवैसी की आंध्र प्रदेश पर नजर

# नायडू पर किया कटाक्ष जगन मोहन की तारीफ

एजेंसी | हैदराबाद

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के असदुद्दीन ओवैसी ने तेलुगु देशम नेता चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी पर टिप्पणी करते हुए बुधवार को कहा कि चंद्रबाबू जेल में खुश हैं। हर कोई जानता है कि चंद्रबाबू जेल में क्यों गए। टीडीपी और चंद्रबाबू पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। हैदराबाद में पार्टी की आंतरिक बैठक में ओवैसी ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करें। ओवैसी ने आंध्र प्रदेश सीएम जगन मोहन रेड्डी और उनकी वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सरकार की जमकर तारीफ की। ओवैसी ने कहा कि वर्तमान में आंध्र प्रदेश में केवल दो राजनीतिक दल हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं को उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में एमआईएम के बढ़ने की गुंजाइश है, इसलिए आंध्र प्रदेश में सभी नेता पार्टी को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करें। ओवैसी ने यह भी कहा कि पार्टी आंध्र प्रदेश में भी विधानसभा चुनाव लड़ने पर विचार कर रही है।

### सुस्वागतम



*जबलपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बुधवार को मध्य प्रदेश के दौरे पर जबलपुर पहुंचने पर उनका स्वागत करते राज्य के राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान।* -पीटीआई

## सोरेन ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

# आदिवासियों के लिए सरना धार्मिक संहिता को मान्यता देने की मांग

एजेंसी | रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आदिवासियों के लिए 'सरना' धार्मिक संहिता को मान्यता देने की मांग की। सोरेन ने दावा किया कि राज्य में आदिवासियों की आबादी पिछले आठ दशकों में 38 प्रतिशत से घटकर 26 प्रतिशत हो गई है।

उन्होंने कहा, आदिवासियों के पारंपरिक धार्मिक अस्तित्व की रक्षा की चिंता... निश्चित रूप से एक गंभीर प्रश्न है। आज आदिवासी/सरना धार्मिक संहिता की मांग उठ रही है ताकि प्रकृति की पूजा करने वाले ये आदिवासी समुदाय अपनी पहचान को लेकर आश्वस्त हो सकें। सोरेन ने मोदी को लिखे पत्र में कहा, वर्तमान में जब कुछ संगठन समान नागरिक संहिता की मांग उठा रहे हैं तो ऐसे में आदिवासी/सरना समुदाय की इस मांग पर सकारात्मक पहल उनके संरक्षण की दिशा में निश्चित रूप से अनिवार्य है। सोरेन ने मोदी को पत्र में लिखा, आप जानते हैं कि आदिवासी समुदाय में कई



ऐसे समूह हैं जो विलुप्त होने के कगार पर हैं और अगर उन्हें सामाजिक न्याय के सिद्धांत पर संरक्षित नहीं किया गया, तो भाषा और संस्कृति के साथ-साथ उनका अस्तित्व भी समाप्त हो जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आदिवासियों को अन्य धर्मों के अनुयायियों से अलग पहचान और उनके संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक सरना धार्मिक संहिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी कोई संहिता अस्तित्व में आती है तो उनकी जनसंख्या का स्पष्ट अनुमान लगाया जा सकता है और आदिवासियों की भाषा, संस्कृति, इतिहास को संरक्षित और बढ़ावा दिया जा सकता है। पत्र में कहा गया है कि 1951 की जनगणना में आदिवासियों के लिए एक अलग संहिता का प्रावधान था।

## चुनावी बोल

### MP में BJP की एकतरफा जीत



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब से मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। कांग्रेस की हालत खराब है। मध्य प्रदेश में हम एकतरफा जीत दर्ज करेंगे। मौर्य ने कहा है कि मध्य प्रदेश में भाजपा व कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है।

### विपक्षी गठबंधन टिक नहीं पाएगा



**रायपुर।** भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने बुधवार को दावा किया कि सनातन धर्म को नष्ट करने की बात करने वाला विपक्षी गठबंधन इंडिया अब राज्यों में भी टिक नहीं पाएगा। बिलासपुर और मुंगेली जिलों में भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ पहुंचे तिवारी ने रायपुर में संवाददाताओं के साथ बातचीत में यह दावा किया।


## छत्तीसगढ़ की चुनावी डायरी

# भाजपा को परिवर्तन यात्राओं पर भरोसा, बघेल का योजनाओं का तीर

एजेंसी | रायपुर

छत्तीसगढ़ में अगामी विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान ने गति पकड़ ली है। भाजपा का परिवर्तन यात्राओं पर जोर है। वह परिवर्तन यात्रा के दम पर छत्तीसगढ़ में सत्ता में वापसी का सपना संजोए हुए है।

दरअसल, पिछले 15 दिनों से लगातार भाजपा के केंद्रीय नेताओं का छत्तीसगढ़ आने का सिलसिला जारी है। दूसरी ओर कांग्रेस भी राज्य में अपनी सरकार रिपीट करने के लिए कमर कसे हुए है। पार्टी एक एक विधानसभा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गत दिनों राज्य का दौरा किया और कई कार्यक्रमों





में शामिल हुए। उन्होंने भाजपा पर जमकर प्रहार किया और बघेल सरकार की योजनाओं की सराहना की। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी राज्य के दौरे पर आने वाले हैं। परिवर्तन यात्रा के समापन पर उनकी सभा बिलासपुर में प्रस्तावित है। इसके बाद अगले महीने तीन अक्टूबर को पीएम मोदी बस्तर दौरे पर आने वाले हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भाजपा की केंद्रीय टीम कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है। मंगलवार को भाजपा की परिवर्तन यात्रा बस्तर से 400 किलोमीटर का सफर तय कर राजधानी रायपुर पहुंची। रायपुर में 80 जगह बीजेपी की परिवर्तन यात्रा का स्वागत किया गया। वहीं बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने ग्रामीण और शहरी इलाकों में स्वास्थ्य व्यवस्था और सड़कों की दुर्दशा का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस की सरकार पर निशाना साधा है। वहीं, राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रदेश में फिर कांग्रेस की सरकार आएगी। उन्होंने बुधवार को रायपुर में कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस बहुत मजबूत है और भाजपा बहुत कमजोर है।

बघेल ने कहा कि हम ओवर कॉन्फिडेंस में नहीं है। यह छत्तीसगढ़ के लोगों का आत्मविश्वास है और फिर से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

#### कांग्रेस: सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रभारी नियुक्त

राज्य विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने बड़ा फैसला लिया है। पार्टी ने 90 विधानसभा और 11 लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रभारी की नियुक्ति की गई है। कांग्रेस ने 11 लोकसभा क्षेत्र में 22 प्रभारियों को अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं, प्रदेश की सभी 90 विधानसभा क्षेत्र में 90 प्रभारी की नियुक्ति की गई है। मंगलवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में चुनाव प्रचार समिति की बैठक हुई थी जिसमें यह निर्णय किया गया। बैठक में चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष चरण दास महंत,राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज समेत सभी सदस्य मौजूद थे। विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नाम घोषणा से पहले सभी विधानसभा सीटों में पार्टी नाराजगी को दूर करने में लगी है। यही कारण है कि नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।

#### गांधी जयंती से कांग्रेस की सभी विस क्षेत्रों से यात्राएं

छत्तीसगढ़ चुनाव प्रचार समिति की बैठक के बाद कार्य समिति के अध्यक्ष चरण दास महंत ने कहा कि इस बैठक में कई तरह के सुझाव सामने आए हैं। जिला स्तर में भी कार्य समितियां बनाई जा रही हैं। जिसकी मॉनिटरिंग करने का काम प्रदेश की कमेटी करेगी। महंत ने कहा 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर सभी विधानसभा क्षेत्र में यात्रा शुरू होगी। इस यात्रा में सरकार के कामों का प्रचार प्रसार किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम अपने काम के बल पर चुनाव लड़ने जा रहे हैं हमने प्रदेश में बेहतर काम किया है और हमें जीत का विश्वास है।

## जरूरी खबर

### ऑस्कर में जाएगी ‘2018- एवरीवन इज ए हीरो’



**चेन्नई।** केरल में आई विनाशकारी बाढ़ पर आधारित मलयालम फिल्म ‘2018-एवरीवन इज ए हीरो’ को एकेडमी अवॉर्ड्स 2024 के लिए भारत की ओर से आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना गया है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने बुधवार को यहां इसकी घोषणा की। प्रख्यात फिल्म निर्माता और चयन समिति के अध्यक्ष गिरीश कसरावल्ली ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 16 सदस्यीय जूरी ने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए सर्वसम्मति से मलयालम फिल्म का चयन किया। कसरावल्ली ने कहा कि उन्होंने 2024 के एकेडमी अवॉर्ड्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए इस फिल्म का चयन करने से पहले लंबी चर्चा की थी।

### पूर्व सैनिक को मिलेगा डेढ़ करोड़ रुपए का मुआवजा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय वायु सेना को 2002 में जम्मू कश्मीर के सांबा में सेना के अस्पताल में संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने के बाद एचआईवी ग्रस्त हुए एक पूर्व सैनिक को करीब डेढ़ करोड़ रुपए मुआवजा दिये जाने का निर्देश दिया है। पूर्व सैनिक 13 दिसंबर, 2001 को भारतीय संसद पर आतंकवादी हमले के बाद शुरू किए गए ‘ऑपरेशन पराक्रम’ के दौरान बीमार हो गए थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्हें एक यूनिट खून चढ़ाया गया। न्यायाधीश एस रवींद्र भट्ट और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा, अपीलकर्ता प्रतिवादियों की चिकित्सीय लापरवाही के कारण मुआवजे के हकदार हैं, जिसकी गणना 1,54,73,000 रुपए में की गई है।

### केजरीवाल के बंगले के मामले में CBI ने दर्ज की PE

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नए सरकारी आवास के निर्माण के संबंध में कथित अनियमितता और कदाचार को लेकर प्रारंभिक जांच दर्ज की है। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने किसी भी तरह का गलत काम करने से इनकार किया है और भाजपा पर ‘आप’ को खत्म करने के लिए अपनी सारी शक्ति का इस्तेमाल’ करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने दिल्ली सरकार के अज्ञात लोक सेवकों के खिलाफ पीई दर्ज की है।

## कश्मीर में बर्फबारी



*गुलमर्ग। जम्मू कश्मीर के पर्वतीय इलाकों में हिमपात हुआ है। गुलमर्ग में भारी हिमपात के बाद बर्फ से ढकी सड़क से गुजरता एक व्यक्ति।* -पीटीआई

### मणिपुर: अफस्पा कानून छह महीने के लिए बढ़ाया

**इम्फाल।** मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम (अफस्पा) को छह महीने का विस्तार दिया गया, जबकि इम्फाल घाटी के 19 थानों और असम की सीमा से सटे एक इलाके को इस कानून के दायरे से बाहर रखा गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में बुधवार को कहा गया है कि मणिपुर की मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति का विश्लेषण करने के बाद राज्य सरकार की राय है कि जमीनी स्तर पर विस्तृत मूल्यांकन करना वांछनीय नहीं है क्योंकि सुरक्षा एजेंसियां कानून-व्यवस्था बनाए रखने में व्यस्त हैं। मणिपुर के राज्यपाल ने 19 थाना क्षेत्रों में आने वाले इलाकों को छोड़कर, पूरे मणिपुर राज्य को एक अक्टूबर से छह महीने की अवधि के लिए ‘अशांत क्षेत्र’ घोषित किया है।

**दो छात्रों की हत्या सीबीआई करेगी जांच:** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के विशेष निदेशक अजय भटनागर के नेतृत्व में एजेंसी का एक दल मणिपुर में छह जुलाई को लापता हुए दो छात्रों के अपहरण और हत्या मामले की जांच करेगा।

## अलगाववादी तत्व भारत और कनाडा में फैला रहे हैं जाल

# सिख युवाओं को कनाडा बुलाने के लिए वीजा का दे रहे प्रलोभन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कनाडा में रह रहे खालिस्तान समर्थक तत्व भोले-भाले सिख युवाओं को वहां बुलाने के लिये वीजा प्रायोजित करने का प्रलोभन दे रहे हैं। सूत्रों ने बुधवार को कहा कि इसका एकमात्र उद्देश्य कनाडाई धरती पर उनके (खालिस्तान के) एजेंडे को आगे बढ़ाना है।

सूत्रों ने कहा कि मोनिंदर सिंह बुआल, परमिंदर पंगली, भगत सिंह बरार जैसे खालिस्तानी अलगाववादी कनाडा की धरती से अपने खालिस्तानी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे सिख युवाओं का इस्तेमाल करते रहे हैं। हालांकि प्रवासी भारतीयों के समर्थन नहीं देने के कारण अलगाववादियों को हालांकि जमीनी स्तर पर समर्थक नहीं मिल रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था।



### गुरुद्वारों में नौकरी के लिए कर रहे प्रायोजित

सूत्रों ने बताया कि ‘मांग और आपूर्ति के इस तानेबाने’ का इस्तेमाल कनाडा में खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों ने पंजाब के सिख युवाओं को प्रलोभन देने के लिए किया। इस साजिश को आगे बढ़ाने के लिये सिख युवाओं को प्लंबर, ट्रक चालक जैसी नौकरियों और अलगाववादियों द्वारा नियंत्रित गुरुद्वारों में सेवादार, रागी और पाठियों जैसे धार्मिक कार्यों के लिए प्रायोजित करने का एक नया विचार दिया गया।

### 30 गुरुद्वारों पर है चरमपंथियों का नियंत्रण

सूत्रों ने बताया कि खालिस्तान समर्थक इन चरमपंथियों के लिए अब ऐसे अधिक से अधिक लोगों को अपने जाल में फंसाना आसान हो गया है क्योंकि वे 30 से अधिक गुरुद्वारों पर नियंत्रण रखते हैं। निज्जर, बुआल और बरार ने पंजाब में दविंदर बंबीहा गिरोह, अर्श दल्ला गिरोह जैसे गैंगस्टर के साथ एक नापाक गठजोड़ भी बनाया।

### छात्रों को बना रहे हैं निशाना

सूत्रों ने बताया कि अलगाववादी कनाडा में ऐसे भारतीय युवाओं और छात्रों की पहचान करते हैं जिन्हें अपना खर्चा उठाने में मुश्किल आती है और उन्हें विविध नौकरियों और आश्रय के संबंध में मदद की आवश्यकता है। कनाडा में अवैध प्रवासियों और ऐसे छात्रों के चरमपंथियों के जाल में फंसने की सबसे अधिक आशंका होती है जिन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है लेकिन उपयुक्त नौकरी नहीं मिल पायी है। खालिस्तान समर्थक चरमपंथी उन्हें गुरुद्वारे के संसाधनों का उपयोग करके आश्रय और आजीविका के लिए निम्न स्तर की नौकरियों की पेशकश करते हैं। इसके बाद ये “ऋणी” युवा स्वेच्छा से या अनिच्छा से कनाडा में खालिस्तान समर्थकों में शामिल हो जाते हैं।

### विशिष्ट सूचना पर विचार के लिए तैयार

**न्यूयार्क।** एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या में भारत की संभावित संलिप्तता के कनाडा के आरोपों के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि नई दिल्ली ओटावा को बता चुका है कि यह भारत सरकार की नीति नहीं है तथा वह मामले में विशिष्ट और प्रासंगिक सूचना पर विचार करने के लिए तैयार है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संबोधित करने के बाद मंगलवार को न्यूयार्क में विदेश संबंध परिषद में बातचीत के दौरान ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा,आपको यह भी समझना पड़ेगा कि पिछले कुछ वर्ष में कनाडा में अलगाववादी ताकतों, संगठित अपराध, हिंसा, चरमपंथ से जुड़े काफी संगठित अपराध देखे गए हैं। इनका आपस में बहुत गहरा संबंध है। हमारे राजनयिकों को धमकाया जाता है व हमारे वाणिज्य दूतावासों पर हमला किया गया।

## विधि आयोग के अध्यक्ष ने कहा...

# एक साथ चुनाव पर रिपोर्ट के लिए समय सीमा तय नहीं

■ ऑनलाइन FIR पर रिपोर्ट भेजी

**एजेंसी** | नई दिल्ली



विधि आयोग के अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश ऋतु राज अवस्थी ने बुधवार को कहा कि एक साथ चुनाव के मुद्दे पर काम अब भी जारी है और इस संबंध में रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए कोई समय सीमा नहीं दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और ऑनलाइन प्राथमिकी सबंधी रिपोर्ट को अंतिम रूप देकर कानून मंत्रालय को भेज दिया गया है।

कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रहे पूर्व न्यायाधीश अवस्थी ने यहां संवाददाताओं से कहा, एक साथ चुनावों पर अब भी कुछ काम चल रहा है। हमने रिपोर्ट को अंतिम रूप नहीं दिया है। ज्ञात रहे कि प्रक्रिया के अनुसार, विधि आयोग की सभी रिपोर्ट केंद्रीय कानून मंत्रालय को सौंपी जाती है, जो उन्हें संबंधित मंत्रालयों को भेज देता है। एक साथ चुनाव का मुद्दा वर्षों से विधि आयोग के पास लंबित है। पिछले विधि आयोग ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के लिए तीन विकल्प सुझाए थे, लेकिन कहा था कि कई बिंदुओं पर विचार किया जाना बाकी है। उसने अपनी मसौदा रिपोर्ट के साथ जारी एक सार्वजनिक अपील में कहा था कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने में कई बाधाओं को दूर किया गया है लेकिन कुछ बिंदुओं पर अब भी विचार बाकी है।

## दरिंदगी की जांच के लिए SIT गठित

# उज्जैन: सड़क पर खून से लथपथ मिली मासूम

**एजेंसी** | उज्जैन/इंदौर

मध्यप्रदेश के उज्जैन शहर में लगभग 12 वर्षीय एक लड़की सोमवार को सड़क पर खून से लथपथ हालत में पाई गई और मेडिकल जांच में उसके साथ बलात्कार किए जाने की पुष्टि हुई है।

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच और सीसीटीवी फुटेज की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है। मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इंदौर में संवाददाताओं को बताया कि उज्जैन में बलात्कार की शिकार 12 वर्षीय लड़की का इलाज जारी है, और उसकी हालत खतरे से बाहर है। लड़की उज्जैन के बाहर के किसी क्षेत्र की प्रतीत हो रही है। चूंकि वह (घटना को लेकर) ठीक तरह से जवाब दे नहीं पा रही है। इसलिए विशेषज्ञों और काउंसलर की मदद से उससे बातचीत का प्रयास किया जा रहा है।

एसपी ने कहा कि चूंकि नाबालिग की हालत गंभीर है इसलिए उसे आगे के इलाज के लिए मंगलवार को इंदौर ले जाया गया।

### गुनहगार मध्य प्रदेश सरकार भी: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उज्जैन में एक लड़की के साथ बलात्कार की घटना को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि राज्य में बेटियों के साथ दुष्कर्म के लिए सिर्फ अपराधी नहीं, बल्कि प्रदेश की भाजपा सरकार भी गुनहगार है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी इस घटना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधा और दावा किया कि महिलाओं के साथ दुष्कर्म के सबसे ज्यादा मामले मध्य प्रदेश में होते है।

## सलामी गारद का निरीक्षण



***नई दिल्ली।*** *दक्षिण कोरिया के सेना अध्यक्ष जनरल पार्क जियोन ह्वान इन दिनों भारत के दौरे पर हैं। बुधवार को नई दिल्ली में साउथ ब्लाक में सलामी गारद का निरीक्षण करते जनरल ह्वान।*

## संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में दावा

# संपत्ति के मामले में भारत में 40 फीसदी से ज्यादा बुजुर्ग गरीब

■ 8.7 प्रतिशत बुजुर्गों के पास आमदनी का कोई जरिया नहीं ■ 17 राज्यों में यह अनुपात राष्ट्रीय स्तर से ज्यादा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट के अनुसार भारत में 40 फीसदी से ज्यादा बुजुर्ग संपत्ति के मामले में गरीब हैं और करीब 18.7 प्रतिशत बुजुर्गों के पास आमदनी का कोई जरिया नहीं है।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की ‘इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023’ में कहा गया है कि बुजुर्गों में गरीबी का यह स्तर उनके जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। रिपोर्ट के अनुसार कुल मिलाकर, भारत में हर पांच में दो बुजुर्ग संपत्ति के लिहाज से गरीब श्रेणी में हैं। यह जम्मू-कश्मीर में 4.2 प्रतिशत और पंजाब में पांच प्रतिशत है जबकि लक्षद्वीप में 40.2 प्रतिशत और छत्तीसगढ़ में 47 प्रतिशत है। उनके काम, पेंशन और आय की स्थिति के विश्लेषण से पता चलता है कि 18.7 प्रतिशत बुजुर्गों के पास आमदनी का कोई जरिया नहीं है। 17 राज्यों में यह अनुपात राष्ट्रीय स्तर से ज्यादा है। उसके मुताबिक, उत्तराखंड में यह 19.3 प्रतिशत है तो लक्षद्वीप में 42.4 फीसदी है।




### बुजुर्ग महिलाओं में जीवन प्रत्याशा अधिक

रिपोर्ट में बताया गया है कि वृद्ध महिलाओं में उच्च जीवन प्रत्याशा है, जो कई देशों की प्रवृत्ति के अनुरूप है। संयुक्त राष्ट्र की ताज़ा रिपोर्ट के मुताबिक, 60 साल की उम्र में, भारत में एक व्यक्ति 18.3 साल और जीने की उम्मीद कर सकता है, जो महिलाओं के मामले में 19 साल और पुरुषों के मामले में 17.5 साल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उदाहरण के लिए, हिमाचल प्रदेश और केरल में, 60 वर्ष की महिलाओं की जीवन प्रत्याशा क्रमशः 23 और 22 वर्ष है, जो इन राज्यों में 60 वर्ष के पुरुषों की तुलना में चार वर्ष अधिक है जबकि राष्ट्रीय औसत में सिर्फ डेढ़ साल का अंतर है। रिपोर्ट के मुताबिक, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, उत्तराखंड, केरल, हिमाचल प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में 60 वर्ष की महिलाओं की जीवन प्रत्याशा 20 वर्ष से अधिक है।

### बुजुर्ग महिलाओं के सामने मुश्किलें अधिक

रिपोर्ट में कहा गया है कि बुढ़ापे में गरीबी स्वाभाविक रूप से लैंगिक आधारित होती है, जब वृद्ध महिलाओं के विधवा होने, अकेले रहने, आय का कोई स्रोत नहीं होने और अपनी संपत्ति कम होने तथा आश्रय के लिए पूरी तरह से परिवार पर निर्भर होने की संभावना ज्यादा होती है। बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि बुजुर्ग विधवा महिलाएं अक्सर अकेली रहती हैं और उन्हें बहुत कम आश्रय मिलता है तथा उन्हें कई बीमारियां घेर लेती हैं।

### बुजुर्ग महिलाओं की संख्या अधिक

साल 1991 के बाद से, बुजुर्गों में लिंगानुपात (प्रति 1,000 पुरुषों पर महिलाएं) लगातार बढ़ रहा है, जबकि सामान्य आबादी का लिंगानुपात स्थिर है। इसका मतलब है कि पुरुषों की तुलना में बुजुर्ग महिलाओं की संख्या अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार 2014 से 2021 के बीच कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत बुजुर्गों पर खर्च में 182 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

### कसाइयों को गायें बेचने का आरोप निराधार: इस्कॉन

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद मेनका गांधी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें उन्हें यह आरोप लगाते हुए सुना जा सकता है कि इस्कॉन ‘देश का सबसे बड़ा धोखेबाज है जो अपनी गौशालाओं से गायों को कसाइयों को बेच देता है।’ इस आरोप का ‘इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस’ ने जोरदार खंडन किया है और इसे निराधार और झूठा कहा है। ‘पीटीआई-भाषा’ ने गांधी से उनकी टिप्पणी के लिए संपर्क करने की कोशिश की लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। बिना तिथि वाले वीडियो में, गांधी ने कहा कि इस्कॉन गौशालाएं बनाता है और इसके लिए सरकार से विशाल जमीन के रूप में असीमित लाभ कमाता है।

### विश्व पर्यटन दिवस पर फोटो एग्जीबिशन का उद्घाटन

# जयगढ़ फोर्ट में आपणी संस्कृति के संग इतिहास और विरासत के दर्शन

बेधड़क | जयपुर

विश्व पर्यटन दिवस पर जयगढ़ फोर्ट में फोटो एग्जीबिशन का उद्घाटन हुआ। एग्जीबिशन में राजस्थान के लगभग 55 फोटो जर्नलिस्ट और प्रोफेशनल फोटोग्राफर्स की तस्वीरों को प्रदर्शित किया जा रहा है। इनमें राजस्थान के हर एक कोने से यहां की संस्कृति, इतिहास एवं विरासत को दर्शाया गया है। एग्जीबिशन का उद्घाटन वरिष्ठ पत्रकार गोपाल शर्मा, जयगढ़ किले की असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. चांदनी चौधरी, ओएसडी कला एवं संस्कृति (सिटी पैलेस) रामू रामदेव ने किया। इस एग्जीबिशन का आयोजन लिटफ्रेम फोटोग्राफी फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है।



फोटो: पंकज शर्मा



### राज परिवार की तस्वीरों का खास कोना

एग्जीबिशन में एक खास कोना जयपुर के राज परिवार की तस्वीरों का रहा। वहीं, कई एरियल दृश्य, तीज की सवारी, आदिवासियों का नृत्य, कई किले और महल के विहंगम दृश्य के साथ-साथ रेत के धोरों पर कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियां तो राजस्थान के अलग-अलग रंगों को प्रदर्शनी में दर्शाने की कोशिश की गई है।

### 28 को सिटी पैलेस में लगेगी प्रदर्शनी

गौरतलब है कि यह एग्जीबिशन 27 सितंबर से शुरू होकर 29 सितंबर 2023 तक चलेगी। पहले दिन एग्जीबिशन जयगढ़ फोर्ट में लगाई गई तो, वहीं दूसरे दिन 28 सितंबर को एग्जीबिशन सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र प्रांगण में लगाई जाएगी और इसके बाद 29 सितंबर को सिटी पैलेस में ही मुबारक महल में प्रदर्शित की जाएगी। 29 सितम्बर को शाम 5 बजे समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। तीन विजेताओं को फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड प्राइज में नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। एग्जीबिशन को मूर्त रूप देने में फोटोजर्नलिस्ट संतोष शर्मा, भागीरथ बस्नेत, योगेंद्र गुप्ता, महेश आचार्य और महेंद्र शर्मा की अहम भूमिका रही।

## डिजिटल शिक्षण का शुभारंभ



**बेधड़क. जयपुर।** शहीद हिम्मत सिंह शेखावत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मुरलीपुरा स्कीम में मिशन स्टार्ट कार्यक्रम के तहत स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से डिजिटल शिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एसीबीईओ ओमप्रकाश दोतानिया, विद्यालय प्राचार्य सविता कविया, गौरीशंकर शर्मा, योगेश शर्मा, जितेंद्र एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा। प्राचार्या सविता कविया ने बताया कि यह विभागीय नवाचार हमारे छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा में ले जाएगा। विद्यालय की संपूर्ण कर्मचारी टीम स्मार्ट बोर्ड के साथ ही छात्र-छात्राओं को एक बेहतर शिक्षा प्रदान करने को प्रतिबद्ध है।

## ट्रेनिंग कैंप में किया सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** प्रथम राज गर्ल्स बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में 10 दिवसीय एनुअल ट्रेनिंग कैंप कमांडर कर्नल बीएमएस परमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस मौके पर जगदीश प्रसाद सांखला को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कालूराम दरिया अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कजोड़ मल चौधरी, कनिष्ठ लिपिक पप्पू लाल लश्कर, जेसीआई निधि राठौर, विजयलक्ष्मी मीणा को भी प्रशस्ति पत्र दिए।

## मानसी की इंडिया में 19वीं रैंक



**बेधड़क. जयपुर।** सीएमए इंटर एग्जाम-2023 में मानसी शर्मा ने ऑल इंडिया 19वीं रैंक हासिल कर प्रदेश का मान बढ़ाया। जुलाई में हुए इस ऑल इंडिया लेवल के एग्जाम के रिजल्ट घोषित किए गए, जिसमें मानसी ने यह उपलब्धि हासिल की। उनके पिता मनोज कुमार शर्मा एक बिजनेसमैन हैं और मां मधु शर्मा हाउसवाइफ हैं। मानसी ने बताया कि इस उपलब्धि के लिए उन्होंने पूरे 1 साल कड़ी मेहनत की। पूरा फोकस रिवीजन पर रखा और पुराने सिलेबस की भी स्टडी करती रही।

# City इवेंट्स

### कथक गुरु पं. राजेन्द्र राव सम्मानित



**बेधड़क. जयपुर।** सुजस सांस्कृतिक सेवा संस्थान की ओर से सुजस प्रतिभा सम्मान समारोह मुख्यमंत्री पुनर्वास केंद्र, वैशाली नगर में आयोजन किया गया। समारोह में गायन, नृत्य, वादन, रंगमंच, चित्रकारी में विशेष योगदान के लिए कलाकारों का सम्मान हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पदमश्री गुलाबो रहीं जिन्होंने नृत्य गुरु पं. राजेन्द्र राव, प्रकाश शर्मा, जय नारायण, समाज सेविका संगीता सहित अन्य हस्तियों का सम्मान किया।

### वार्षिकोत्सव में विभिन्न आयोजन




**जयपुर।** मानसरोवर टू व्हीलर मैकेनिक एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव गुड्डू पैराडाइज महारानी गार्डन रोड मांगियावास मानसरोवर में आयोजित किया गया। संरक्षक रियाजुल हसन ने बताया कि कार्यक्रम में मीडिया के प्रतिनिधियों, राजनीतिक एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। मानसरोवर की सभी मैकेनिक शॉप एवं उन पर काम करने वाले मिस्त्री एवं ऑटो पार्ट्स वाले शामिल हुए। लकी ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार लालचंद बैरवा को वॉशिंग मशीन प्रदान की गई। संगठन के अध्यक्ष धर्मेश शर्मा, सचिव शंकर सिंह, उपाध्यक्ष शमशेर खान ,कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र बेरवा, संयुक्त मंत्री फूलचंद बैरवा, प्रचार मंत्री इमरान खान, संगठन मंत्री चंदूलाल बैरवा आदि ने आयोजन में सहयोग दिया।

### जैन मंदिर में आंकिंचन धर्म का पूजन



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी-ज्योतिनगर जैन मंदिर में गणिनी आर्यिका विशुद्ध मति माताजी की शिष्या बालयोगिनी आर्यिका विशेष मति माताजी के सानिध्य में आंकिंचन धर्म की पूजा भक्ति भाव के साथ हुई। प्रबंध समिति के अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि प्रातः अभिषेक शांतिधारा व नित्य पूजन के बाद आंकिंचन धर्म का पूजन, विधान मंडल पर पूजाकर्ताओं द्वारा 'अत्र मम सत्रिहितो भव भव वषट्!' बोलते हुए स्थापना कर की गई। आर्यिका ने आंकिंचन धर्म के जाप कराए। इसके पूर्व आर्यिका ने प्रवचन दिए। दिन में व्रत उपवास वालों की विनतियां तथा तत्वार्थ सूत्र वाचन हुआ। शाम को म्यूजिकल हाऊजी का आयोजन हुआ।

### दो दिवसीय संगीत समारोह शुरू

# सुरों के खूबसूरत लगाव से राग पूरिया धनाश्री का श्रृंगार



बेधड़क | जयपुर

डॉ.अंकित भट्ट ने सितार साज पर सुरों के खूबसूरत लगाव से रागों का श्रृंगार कर संगीत रसिकों के दिलों को छू लिया। शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान के दो दिवसीय संगीत समारोह के आगाज पर हुए क्लासिकल म्यूजिक कॉन्सर्ट में डॉ. अंकित भट्ट ने संजीदा राग पूरिया धनाश्री से अपने कार्यक्रम की शुरुआत की। इससे पहले पं.चन्द्रमोहन भट्ट ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं, समाजसेवी ताराचंद जैन ने कलाकारों का स्वागत किया।

कलाकार डॉ. अंकित भट्ट आलाप, जोड़ और झाला की प्रस्तुति में सुरों की खूबसूरत आईनबंदी कर राग पूरिया धनाश्री का नैसर्गिक सौन्दर्य छलकाया। उन्होंने विलंबित लय तीन ताल और द्रुतलय तीन ताल में बंदिशों को पेशकर श्रोताओं को आह्लादित कर दिया। इसके बाद उन्होंने राग भैरवी की धुन पेश कर कार्यक्रम को विराम दिया। तबले पर मो. शोएब ने संगत की। संचालन वीना अनुपम ने किया। अंत में संस्थान सचिव अमित अनुपम ने बताया कि 28 सितंबर को शाम 4:00 बजे लेजेण्डरी प्लेबैक सिंगर हेमंत कुमार, स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के गाए गीतों का गुलदस्ता अनेक बाल व युवा कलाकार अपनी आवाज में सजाएंगे।

## मल्हार उत्सव का पोस्टर लॉन्च पांच दिन चलेगा

**जयपुर।** उस्ताद इमामुद्दीन खान डागर इंडियन म्यूजिक आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, संगीत नाटक अकादमी व जवाहर कला केंद्र के सह तत्वाधान में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय 'मल्हार उत्सव' का पोस्टर बुधवार को लॉन्च जेकेके में लॉन्च किया गया।

संयोजक शबाना डागर ने बताया कि एक से पांच अक्टूबर तक जेकेके में चलने वाले इस महोत्सव में जयपुर सहित देश के विभिन्न हिस्सों आए लगभग पचास कलाकार व संगीतविद हिस्सा लेंगे। डागर ने बताया कि उत्सव में पद्मविभूषण व ग्रैमी अवॉर्ड से सम्मानित पंडित विश्वमोहन भट्ट, संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड से सम्मानित तबला व सितार वादक पंडित नयन घोष, पद्मश्री उस्ताद वसीफुद्दीन डागर, तबला वादक उस्ताद तौफीक कुरैशी सहित कई अन्य कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। सुबह के सत्र में केंद्र के कृष्णायन में गुणिजन सभा होगी। मल्हार रागों पर आधारित आर्ट इंस्टॉलेशन की प्रदर्शनी सुकृति आर्ट गैलरी में लगाई जाएगी।

### BBA पाठ्यक्रम के लिए MOU

## स्टूडेंट्स को स्टाईपेंड के साथ मिलेगा प्लेसमेंट




**जयपुर।** एसएस जैन सुबोध पीजी महाविद्यालय में बीबीए रिटेल का पाठ्यक्रम अब मारुति सुजुकी के सहयोग से किया जाएगा।

राज्य सरकार की नई शिक्षा नीति के तहत कॉलेज प्रबंधन ने बीबीए पाठ्यक्रम के लिए मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के साथ बुधवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय एवं मारुति सुजुकी इंडिया प्रबंधन के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुबोध महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य प्रो. केबी शर्मा तथा मारुति सुजुकी इण्डिया लि. की ओर से संजीव कुमार सिन्हा वाइस प्रेसिडेंट ट्रेनिंग एकेडमी ने एमओयू दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। प्राचार्य प्रो. केबी शर्मा ने इसे नई शिक्षा नीति के संदर्भ में बड़ी उपलब्धि बताया।

सुबोध शिक्षा समिति के संयुक्त सचिव विनोद लोढ़ा ने बताया कि इससे स्किल इण्डिया मिशन के लिए बीबीए पाठ्यक्रम में छात्रों को स्टाईपेंड एवं पाठ्यक्रम पूरा होने पर प्लेसमेंट का मौका भी मिलेगा। कार्यक्रम में डॉ. प्रीति गुप्ता, विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

**आइकॉनिक JLF** | जयपुर में एक से 5 फरवरी तक होगा साहित्य का महाकुंभ

# लिट फेस्ट में होगा प्राचीनता और नवीनता का संगम

बेधड़क | जयपुर

आइकोनिक जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2024 एक बार फिर अपने श्रोताओं का स्वागत करने के लिए तैयार है। टीमवर्क आर्ट्स ने विचारों और चर्चाओं के इस मंच के 17वें संस्करण की तारीखों की घोषणा की। यह फेस्टिवल 2024 में होटल क्लार्क्स आमेर में 1 से 5 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।







2024 में विविध भारतीय भाषाएं वैश्विक मंच पर अपनी कहानी, अपनी संस्कृति को बयां करेंगी। फेस्टिवल में असमी, हिन्दी, कन्नड़, कश्मीरी, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, उर्दू सहित कई अन्य भाषाओं की उपस्थिति रहेगी। पांच दिवसीय इस फेस्टिवल में 4 वेन्यु पर 300 से अधिक वक्ता समकालीन समाज की जटिलताओं और चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

### इंडियन लिटरेचर, भाषाओं के वैविध्य पर फोकस

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल की को-डायरेक्टर नमिता गोखले ने कहा कि जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का 2024 संस्करण दुनिया भर के पाठकों के लिए विचारों, किताबों और लेखकों की एक प्रत्यक्ष लाइब्रेरी होगा। प्राचीनता और नवीनता को साथ में लिए ये एक अद्भुत संस्करण होगा। टीमवर्क आर्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर और जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के प्रोड्यूसर, संजॉय के. रॉय ने कहा कि जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का फोकस इंडियन लिटरेचर और भाषाओं के वैविध्य पर रहेगा। कई जाने-माने लेखक इस संस्करण का हिस्सा बनेंगे।

### 25 वक्ताओं की लिस्ट जारी

जेएलएफ में आने वाले 25 वक्ताओं की लिस्ट बुधवार को जारी की गई। इनमें मोटिवेशनल स्पीकर आनंद नीलकंठन, ब्रिटिश पत्रकार और लेखिका एंजेला सैनी, असमी लेखिका और पत्रकार अनुराधा शर्मा पुजारी, तमिल और मलयाली के लेखक बी. जयमोहन, ब्रिटिश समीक्षक बेन ममाकिन्त्रे, इतिहासकार बीएन गोस्वामी, पुरस्कृत लेखक ब्रायन ए. कात्लोस, नाटककार और ब्रॉडवे एक्ट्रेस कैथरीन एन जोन्स, ऑस्ट्रेलियाई इतिहासकार क्लेयर राइट, यात्रा लेखक कोलिन थुब्रों, नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट, साउथ एशिया की क्यूरेटर डेबरा डायमंड, उपन्यासकार देविका रेगे, अमेरिकी लेखक जेरी ब्रोटन, लेखिका कल्पना रैना, मैरी बियर्ड, मृदुला गर्ग, आर्ची कॉमिक्स की को-फाउंडर नैंसी सिल्बेर्केल्ट, लेखिका नीलांजना एस. रॉय, पत्रकार पैट्रिक रेडन कीफ, राज कमल झा, आरए माशेलकर, लेखक सिद्धार्थ श्रीकांत, भूतपूर्व चीफ जस्टिस एस. मुरलीधर, इतिहासकार टॉम हॉलैंड शामिल हैं।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, गुरुवार, 28 सितंबर, 2023





सबसे कठिन काम है
स्वयं को पढ़ना और समझना।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ,
सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## एशियन गेम्स-2023: अब तक चीन 140 पदक के साथ टॉप पर, भारत को 22 पदक... छठा स्थान



*हांगझोउ। एशियन गेम्स में सिफ्त कौर ने 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर जीता गोल्ड। - पीटीआई*



*हांगझोउ। 25 मी. पिस्टल रेपिड टीम इवेंट में स्वर्णिम सफलता प्राप्त की इशा, रिदम और मनु भाकर ने। - पीटीआई*

# निशानेबाजी में भारत ने जीते दो और गोल्ड मेडल

### गोल्डन गर्ल सिफ्त ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में की विश्व रिकॉर्ड की बराबरी

### मनु भाकर, ईशा और रिदम ने 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में दिलाया स्वर्ण

**एजेंसी** | हांगझोउ

भारत की सिफ्त कौर सामरा ने बुधवार को यहां एशियाई खेलों की महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन व्यक्तिगत स्पर्धा में दबदबा बनाते हुए विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि आशी चौकसी भी कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। सिफ्त ने फाइनल में 469.6 अंक जुटाए।

ब्रिटेन की सियोनेड मैकिनटोश के फाइनल के 467.0 अंक के विश्व रिकॉर्ड में 2.6 अंक का सुधार किया। सिफ्ट ने क्वालीफाइंग दौर में भी संयुक्त रूप से एशियाई रिकॉर्ड बनाया था। आशी ने 451.9 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया। सिफ्त के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि रजत पदक जीतने वाली चीन की कियोंगयुई झेंग (462.3) उनसे 7.3 अंक पीछे रहीं। इससे पहले सिफ्त, आशी और माणिनी कौशिक ने महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में टीम स्पर्धा का रजत पदक भी जीता। आशी, माणिनी और सिफ्त की तिकड़ी क्वालीफिकेशन में 1764 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। मेजबान चीन ने कुल 1773 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि दक्षिण कोरिया ने 1756 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।

**महिला हॉकी** में भारत ने गीता कुमारी की हैट्रिक समेत अपने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में अपने पहले मैच में सिंगापुर को 13-0 से हराया।

### 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भी स्वर्ण

मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान की तिकड़ी ने बुधवार को यहां एशियाई खेलों की महिला 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। मनु, ईशा और रिदम की टीम कुल 1759 अंक के साथ शीर्ष पर रही, जिससे भारत मौजूदा खेलों में अपना चौथा स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा। भारत का निशानेबाजी में यह दूसरा स्वर्ण पदक है। भारत ने महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में टीम स्पर्धा का रजत पदक भी जीता।

### पुरुष स्कीट टीम ने कांस्य पदक जीता

अंगद वीर सिंह बाजवा, गुरजोत खांगुरा और अनंत जीत सिंह नरुका की भारतीय टीम ने बुधवार को यहां एशियाई खेलों की पुरुष स्कीट स्पर्धा में टीम कांस्य पदक जीता।

### टी-20: नेपाल ने बनाए तीन विश्व रिकॉर्ड, टीम बनाए 314 रन

# 35 गेंद में शतक... 9 बॉल में अर्द्धशतक

**एजेंसी** | हांगझोउ

नेपाल ने बुधावार को यहां एशियाई खेलों की क्रिकेट स्पर्धा में टी20 अंतरराष्ट्रीय में 300 से अधिक का स्कोर बनाने वाली पहली टीम बना और उसने मंगोलिया के खिलाफ मैच में तीन विश्व रिकॉर्ड बनाए। 19 साल के बाएं हाथ के बल्लेबाज कुशाल मल्ला ने सिर्फ 34 गेंद में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का सबसे तेज शतक पूरा किया।

डेविड मिलर और रोहित शर्मा के संयुक्त रूप से पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा जिन्होंने 35 गेंद में शतक बनाया था। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कुशाल ने 12 छक्कों और आठ चौकों से नाबाद 137 रन की पारी खेली जिससे नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 314 रन बनाए जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का सर्वाच्च स्कोर है। नेपाल के पांचवें नंबर के बल्लेबाज दीपेंद्र सिंह ऐरी ने सिर्फ 9 गेंद में अर्धशतक बनाकर युवराज सिंह के 16 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। युवराज ने 19 सितंबर 2007 को इंग्लैंड के खिलाफ विश्व टी20 मैच में 58 रन की पारी खेलने के दौरान 12 गेंद में अर्धशतक बनाया था। टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वोच्च टीम स्कोर का पिछला रिकॉर्ड अफगानिस्तान के नाम था जिसने 23 फरवरी 2019 को आयरलैंड के खिलाफ तीन विकेट पर 278 रन बनाए थे।

### ट्रंप ने बरसों तक की धोखाधड़ी: जज

**न्यूयॉर्क।** पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ एक कोर्ट ने फैसले में कहा कि ट्रंप ने रियल एस्टेट कारोबार खड़ा कर बरसों धोखाधड़ी की। एक मुकदमे में जज एंगोरोन ने ट्रंप के खिलाफ दी व्यवस्था में यह कहा। उनके अनुसार पाया गया है कि पूर्व राष्ट्रपति और उनकी कंपनी ने ऋण हासिल करने के लिए कुल आय को बढ़ा-चढ़ाकर दिखा कर बैंकों, बीमाकर्ताओं और अन्य लोगों के साथ धोखाधड़ी की।

# पाकिस्तान में विस्फोट, 9 की मौत

**एजेंसी** | कराची

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बुधवार को एक मकान में रॉकेट लॉन्चर के खोल में विस्फोट होने से पांच बच्चों सहित एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

सिंध प्रांत के कशमोर-कंधकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहिल खोसा ने बताया कि मैदान में खेलते समय बच्चों को एक रॉकेट लॉन्चर का खोल मिल गया और वे उसे अपने घर ले आए। उन्होंने बताया कि घर में उसमें विस्फोट हो गया और पांच बच्चों और दो महिलाओं समेत नौ लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि विस्फोट में पांच अन्य लोग घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

एसएसपी ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और इस संबंध में जांच जारी है तथा कंधकोट के सरकारी अस्पताल में 'आपातकाल' घोषित कर दिया गया है। सिंध के मुख्यमंत्री मकबूल बकर ने प्रांतीय महानिरीक्षक से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी है कि कशमोर जिले के कंधकोट तहसील के जांगी सुबजवाई गोथ गांव तक रॉकेट लॉन्चर कैसे पहुंचा। बकर ने इस घटना पर दुख जताते हुए महानिरीक्षक को 'विस्तृत रिपोर्ट' सौंपने का निर्देश दिया।


### वैज्ञानिकों की नई थ्योरी ने डराया

# धरती से इंसानों का ऐसे होगा खात्मा!

**एजेंसी** | लंदन

भयावह अतीत है कि अंतरिक्ष से गिरे एक विशाल उल्कापिंड ने धरती से डायनासोर का पूरी तरह से खात्मा कर दिया था, लेकिन इंसानों के खात्मे को लेकर एक नई थ्योरी दी गई है। अब वैज्ञानिकों ने एक भयावह भविष्यवाणी कर डाली है कि 25 करोड़ वर्षों में एक नए सुपर महाद्वीप का निर्माण इंसानों और अन्य स्तनधारियों का खात्मा कर देगा।

यूके में ब्रिस्टल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने सुपर कंप्यूटर के जरिए भविष्य के जलवायु मॉडल को बनाया। उन्होंने इसका नाम पैंजिया अल्टिमा रखा है। वैज्ञानिकों ने मॉडल के जरिए पता लगाया है कि आखिर महाद्वीपों के मिलने से जलवायु चरम सीमा तक कैसे और कितनी तेज होगी।



### तापमान 40-50 डिग्री हो जाएगा तापमान

इससे जुड़ा शोध पेपर, नेचर जियोसाइंस जर्नल में प्रकाशित किया गया। पेपर के मुख्य लेखक अलेक्जेंडर फार्नस्वर्थ ने कहा, 'नया उभरता हुआ सुपरकॉन्टिनेंट प्रभावी रूप से महाद्वीप प्रभाव, गर्म सूरज और वातावरण में अधिक सीओ 2 दिखाता है।' उन्होंने आगे कहा, 'तापमान 40-50 डिग्री सेल्सियस हो जाएगा, जो दिन के समय और भी भयानक होगा। पसीने के जरिए अपने शरीर को ठंडा रखने में हम असमर्थ हो जाएंगे, जिसके कारण अंत में मनुष्य खत्म हो जाएंगे।'

### 8 से 16 फीसदी हिस्सा रहेगा रहने लायक

फार्नस्वर्थ ने आगे कहा कि बढ़ी हुई गर्मी के कारण भोजन या पानी नहीं होगा, जो धरती के जीवों को खत्म कर देगा। हालांकि भविष्य को लेकर कई अनिश्चितताएं हैं। वैज्ञानिकों ने कहा कि महाद्वीप का सिर्फ 8 से 16 फीसदी हिस्सा ही स्तनधारियों के रहने लायक होगा। रिपोर्ट के मुताबिक कार्बन डाइऑक्साइड वर्तमान के स्तर से दोगुना होगा। हालांकि इसकी गणना में यह भी माना गया है कि मनुष्य तब तक जीवाश्म ईंधन जलाना बंद कर देंगे।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl